Daily
देश ने दी श्रद्धांजलि
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज
Published from Ranchi
Ranchi ● Thursday, 24 April 2025 ● Year : 03 ● Issue : 99 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

जांच के लिए पहलगाम पहुंची एनआईए की टीम, श्रीनगर से लेकर दिल्ली तक चला बैठकों का दौर

आतंकी हमला : 3 संदिग्धों का स्केच जारी

संदिग्धों के नाम हैं- आसिफ फौजी, सुलेमान शाह और अबू तल्हा, सुरक्षाबलों ने कई लोगों को हिरासत में लिया

SRINAGAR @ PTI :

बुधवार को सुरक्षा एजेंसियों ने मंगलवार को दक्षिण कश्मीर के पहलगाम के पास हुए आतंकी हमले में शामिल होने के संदेह में तीन संदिग्ध आतंकियों के रेखाचित्र (स्केच) जारी किए। इस हमले में 26 लोग मारे गए हैं, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे। अधिकारियों ने बताया कि संदिग्धों के नाम आसिफ फौजी, सुलेमान शाह और अबू तल्हा हैं। उन्होंने बताया कि तीनों आतंकवादियों के कोड नाम भी थे - मूसा, यूनुस और आसिफ और ये तीनों पुंछ में आतंकी घटनाओं में शामिल थे। उन्होंने बताया कि हमले में जीवित बचे लोगों की मदद से रेखाचित्र तैयार किए गए। बता दें कि पाकिस्तान स्थित प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से संबद्ध संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने मंगलवार दोपहर को अंजाम दिए गए आतंकवादी हमले की जिम्मेदारी ली है। इंटेलिजेंस सूत्रों ने बताया कि इस हमले का मास्टर माइंड लश्कर-ए तैयबा का डिप्टी चीफ सैफुल्लाह खालिद है। शुरूआती जांच में पता चला है कि हमले में 5 आतंकी शामिल थे। इनमें से दो लोकल और 3 पाकिस्तानी आतंकी थे। जानकारी के अनुसार, सुरक्षा बलों ने कई लोगों को हिरासत में लिया है। इस बीच पाकिस्तान के डिफेंस मिनिस्टर ख्वाजा आसिफ ने कहा कि इस हमले में हमारा कोई हाथ नहीं है। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) पहलगाम में जांच के लिए पहुंच गई है। हमले में मारे गए नौसेना में लेफ्टिनेंट विनय नरवाल को उनकी पत्नी हिमांशी ने अंतिम विदाई दी। जिस ताबूत में उनका शव रखा था, हिमांशी उससे लिपटकर रोती रहीं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह श्रीनगर में पहलगाम हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद शाह बैसरन घाटी पहुंचे। यहां उन्होंने हमले के पीड़ितों से बातचीत की और अधिकारियों से जानकारी ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सऊदी अरब का दो दिन दौरा छोड़ बुधवार सुबह भारत लौट आए।

लश्कर-ए-तैयबा का डिप्टी चीफ सैफुल्लाह खालिद हमले का मास्टरमाइंड

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तीनों सेना प्रमुखों के साथ की ढाई घंटे तक बैठक
- एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टरों को श्रीनगर, जम्मू-कश्मीर और आसपास के क्षेत्रों में उड़ान भरने की मिली अनुमति

पाकिस्तान के डिफेंस मिनिस्टर ख्वाजा बोले- हमले में हमारा कोई हाथ नहीं

चार आतंकियों की तस्वीर वायरल

सोशल मीडिया पर एक तस्वीर वायरल हो रही है। बताया जा रहा है कि यह पहलगाम में हमला करने वाले 4 आतंकवादियों की तस्वीर है। हालांकि, अभी सेना या सुरक्षा एजेंसियों की तरफ से तस्वीर नहीं जारी की गई है सिर्फ संदिग्ध आतंकियों के स्केच जारी किए गए हैं। इंटेलिजेंस एजेंसियों के सूत्रों ने बताया कि 2 आतंकी पाकिस्तान के थे। 4 आतंकियों की वायरल फोटो में से एक पाकिस्तानी आतंकी बताया जा रहा है। यह द रेजिस्टेंस फ्रंट के एफटी मूसा कैडर का आतंकी है।

वायरल तस्वीर

पाकिस्तान को थैंक यू बोलने वाला बोकारो का युवक गिरफ्तार

BOKARO : पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमले के बाद बोकारो पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। युवक ने हमले के बाद सोशल मीडिया एक्स पर पाकिस्तान को थैंक्यू लिखा था। युवका का नाम मो. नौशाद है। उसके पिता का नाम मो मुश्ताक है। चास थाने की पुलिस ने उसे मिल्लतनगर से अरेस्ट किया है। बोकारो के युवक ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा- थैंक यू पाकिस्तान, थैंक यू लश्कर-ए-तैय्यबा,अल्लाह ब्लेस यू आलवेज, आमीन, आमीन। वी विल बी मोर हैप्पी इफ आरएसएस, बीजेपी, बजरंग दल एंड द मीडिया आर टारगेटेड।

मोदी सरकार का एक्शन, लिए 5 बड़े फैसले

सिंधु जल समझौते पर रोक पाक नागरिकों का वीजा रद्द

पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कदम उठाएं हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सुरक्षा मामलों की कैबिनेट मीटिंग (सीसीएस) में 5 बड़े फैसले लिए गए। बैठक ढाई घंटे चली। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बताया कि सीसीएस की बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए हैं। इसके तहत सबसे पहले भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सिंधु जल समझौते को रोक दिया गया है। इसके अलावा पाकिस्तानी नागरिकों को वीजा देने पर रोक लगा दी गई है। अटारी-वाघा बॉर्डर को भी बंद कर दिया गया है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बताया कि नई दिल्ली में पाकिस्तानी उच्चायोग में रक्षा व सैन्य, नौसेना और वायु सलाहकारों को अवांछित व्यक्ति घोषित किया गया है। उन्हें भारत छोड़ने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है। एसवीईएस वीजा के तहत भारत में मौजूद सभी पाकिस्तानी नागरिक को भारत छोड़ने के लिए 48 घंटे का समय दिया गया है। भारत इस्लामाबाद में भारतीय उच्चायोग से अपनी रक्षा, नौसेना, वायु सलाहकारों को वापस बुलाएगा। संबंधित उच्चायोगों में ये पद रद्द माने जाते हैं। सेवा सलाहकारों के पांच सहायक कर्मचारियों को भी दोनों उच्चायोगों से वापस बुलाया जाएगा। 1 मई 2025 तक और कटौती के माध्यम से उच्चायोगों की कुल संख्या वर्तमान 55 से घटाकर 30 कर दी जाएगी।

गृह मंत्री अमित शाह ने हमले वाले स्थान का किया दौरा

गृह मंत्री अमित शाह ने पहलगाम के बैसरन मैदान का दौरा किया, जहां पर मंगलवार को आतंकियों ने हमला कर 26 निर्दोष पर्यटकों की जान ली थी। इस हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री हेलीकॉप्टर से आतंकी हमले वाली जगह पर पहुंचे और हिंसा के निशानों से भरी घास के मैदान पर उतरे। पहलगाम में घास के मैदान पर सेना के जवानों के पहुंचने के बाद इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। इसके बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स के माध्यम से कहा कि देश आतंकवाद के आगे नहीं झुकेगा और जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों की हत्या के लिए जिम्मेदार लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकवादी हमले के बाद बुधवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह के साथ बैठक करके जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति से जुड़े सभी मुद्दों पर चर्चा की।

नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ की कोशिश नाकाम, दो आतंकी ढेर

बुधवार को जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर घुसपैठ की कोशिश नाकाम करते हुए दो आतंकवादियों को ढेर कर दिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। घुसपैठ की यह कोशिश मंगलवार को दक्षिण कश्मीर में अनंतनाग जिले के पहलगाम में हुए घातक आतंकवादी हमले के 24 घंटे से भी कम समय में की गई है। सेना ने कहा कि उत्तर कश्मीर जिले के उरी नाला में घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी गई।

आतंकियों को देना होगा मुंहतोड़ जवाब : खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को कहा कि सरकार को पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर सर्वदलीय बैठक बुलाकर सभी दलों के साथ आतंकवाद की चुनौती से निपटने के बारे में चर्चा करनी चाहिए और उनके सुझाव भी लेने चाहिए। उन्होंने यह भी कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सभी लोग सरकार के साथ एकजुट होकर खड़े हैं तथा आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब देना होगा। यह हमला

घुटने नहीं टेकेगा भारत : अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि देश आतंकवाद के आगे घुटने नहीं टेकेगा और जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों की हत्या के लिए जिम्मेदार लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। एक्स पर कहा भारी मन से, पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वालों को अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। भारत आतंकवाद के आगे नहीं झुकेगा।

नए सिरे से सुरक्षाबलों की होगी तैनाती

पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद अधिकारी कश्मीर घाटी में पर्यटन स्थल के निकटवर्ती पहाड़ों में सेना और अर्धसैनिक बलों की स्थायी तैनाती करके सुरक्षा कमियों को दूर करने की योजना पर काम कर रहे हैं। सुरक्षा प्रतिष्ठान के अधिकारियों ने पीटीआई-भाषा को बताया कि तीन जुलाई से शुरू होने वाली वार्षिक अमरनाथ तीर्थयात्रा से पहले सुरक्षा बलों में पुन:तैनाती की भी आवश्यकता है। रक्षा सूत्रों ने बताया कि घने जंगलों से घिरी बैसरन घाटी के घास के मैदानों के आसपास सुरक्षा बलों की कोई तैनाती नहीं है। उन्होंने बताया कि सबसे नजदीक सेना की राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) की तीसरी बटालियन की एक यूनिट और सीआरपीएफ की 116वीं बटालियन की एक कंपनी है।

BRIEF NEWS

घूस लेने के आरोप में रोजगार सेवक गिरफ्तार

PALAMU : बुधवार को प्रमंडलीय एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने घूस लेने के आरोप में एक रोजगार सेवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार रोजगार सेवक गढ़वा के रंका के कोरवाडीह पंचायत में तैनात था। गिरफ्तार करने के बाद एसीबी की टीम ने रोजगार सेवक गुलजार अंसारी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। दरअसल गढ़वा के रंका के कोरवाडीह के रहने वाले अखिलेश चौधरी ने एसीबी में शिकायत की थी कि उनके नाम पर मनरेगा के तहत डोभा का योजना स्वीकृत है। अखिलेश चौधरी ने कहा कि पंचायत में डोभा निर्माण के भुगतान के लिए मस्टर रोल पर हस्ताक्षर करने के एवज में रोजगार सेवक घूस मांग रहे हैं।

41 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचा कई जिलों का तापमान, डाल्टनगंज में 44

झारखंड में गर्मी ने रौद्र रूप दिखाना किया शुरू

PHOTON NEWS RANCHI :

अप्रैल का महीना समाप्त होने के पहले झारखंड में अब गर्मी ने रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। राज्य के कई जिलों में तापमान तेजी से बढ़ रहा है। हीट वेव (लू) की स्थिति दिखने लगी है। भारत मौसम विज्ञान विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, बुधवार को राज्य के कई हिस्सों में तापमान 41 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। झारखंड का सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में रिकॉर्ड किया गया, जहां अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। दूसरी ओर, खूंटी में सबसे कम न्यूनतम तापमान 19.2 डिग्री सेल्सियस मापा गया। डाल्टनगंज के अलावा कई जिलों में तापमान 40 डिग्री या उससे ऊपर दर्ज किया गया है। जमशेदपुर में 43 डिग्री, चाईबासा में 43 डिग्री, बोकारो थर्मल में 40.1 डिग्री तापमान रिकार्ड किया गया।

राजधानी रांची का अधिकतम तापमान रहा 39 डिग्री सेल्सियस

26 अप्रैल की शाम से मौसम में फिर देखने को मिल सकता है बदलाव

तीन दिनों तक लू का येलो अलर्ट

रांची में 39 डिग्री, देवघर में 40.3 डिग्री, गढ़वा में 41.7 डिग्री, गोड्डा में 40.4 डिग्री, पलामू में 41.5 डिग्री अधिकतम तापमान रहा। पश्चिमी सिंहभूम में 40.3 डिग्री और बाकी जिलों में तापमान 37 से 39 डिग्री के बीच रहा। बोकारो में 39.8 डिग्री, चतरा में 39 डिग्री, धनबाद का पारा 37 डिग्री, पूर्वी सिंहभूम में 37.9 डिग्री, गुमला में 38.7 डिग्री, हजारीबाग में 39.1 डिग्री, जामताड़ा में 39.5 डिग्री, खूंटी में 38.7 डिग्री, लोहरदगा में 38.7 डिग्री, पाकुड़ में 38.8 डिग्री, सिमडेगा में 39 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रहा। मौसम विभाग ने हीट वेव को देखते हुए लोगों को दोपहर के समय बाहर निकलने से बचने और पर्याप्त पानी पीने की सलाह दी है। आईएमडी ने राज्य में अगले तीन दिनों तक लू चलने की संभावना जताई है और इसके चलते यलो अलर्ट जारी किया गया है।

बोकारो वन भूमि घोटाला : 17 ठिकानों पर रेड, तीन जगह सर्वे

समाप्त हुई ईडी की छापेमारी, 1.30 करोड़ नकद सहित दस्तावेज सीज

PHOTON NEWS TEAM :

मंगलवार को बोकारो वन भूमि घोटाले में एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट (ईडी) की टीम की छापेमारी और सर्वे का काम बुधवार को समाप्त हो गया। छापेमारी के दौरान बिहार के बांका से 1.30 करोड़ रुपये नकद जब्त किए गए। इसके अवाला जमीन में हेराफेरी से संबंधित दस्तावेज भी जब्त हुए। ईडी ने बोकारो घोटाले की जांच के दौरान 17 ठिकानों पर छापा मारा, तीन ठिकानों पर सर्वे किया। छापेमारी के दायरे में राजबीर कंसट्रक्शन, जमीन की खरीद बिक्री करने वालों के साथ-साथ जमीन खरीदने वालों को भी शामिल किया गया। इसके अलावा चास के पूर्व अंचल अधिकारियों और सब-रजिस्ट्रार को भी जांच के दायरे में रखा गया था। पश्चिम बंगाल के पुरुलिया स्थित रजिस्ट्री कार्यालय में सर्वे के दौरान ईडी ने बोकारो की जमीन से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए। इसके अलावा बोकारो डीएफओ और अंचल कार्यालय में सर्वे के दौरान जमीन से जुड़े दस्तावेज और इससे संबंधित पत्र आदि जब्त किए गए। उल्लेखनीय है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बोकारो के तेतुलिया मौजा में हुए भूमि घोटाले में मंगलवार को झारखंड व बिहार के 15 ठिकानों पर छापेमारी की। छापेमारी के दायरे में रांची की राजबीर कंस्ट्रक्शन, जमीन की खरीद-बिक्री में शामिल लोगों के अलावा चास के पूर्व अंचल अधिकारियों को शामिल किया गया है।

प. बंगाल के पुरुलिया सब-रजिस्ट्रार के कार्यालय में भी किया गया सर्वे



इनके ठिकाने पर जांच एजेंसी ने की छापेमारी

- राजबीर कंस्ट्रक्शन के निदेशक पुनीत अग्रवाल व अन्य।
- शैलेश सिंह, उमायुष मल्टीकॉम के निदेशक
- आयुष कुमार सिंह, शैलेश सिंह का बेटा
- दिवाकर द्विवेदी, पूर्व अंचल अधिकारी चास, वर्तमान डीटीओ धनबाद।
- रामेश्वर प्रसाद सिंह, बोकारो के पूर्व व धनबाद के वर्तमान सब रजिस्ट्रार।
- निर्मल टोप्पो, चास के बर्खास्त अंचल अधिकारी।
- इजहार हुसैन, जमीन बिक्रेता।
- अख्तर हुसैन, जमीन बिक्रेता।

चास के पूर्व अंचल अधिकारी के ठिकानों पर दूसरी बार रेड

ईडी ने चास के पूर्व अंचल अधिकारी दिवाकर द्विवेदी के ठिकानों पर दूसरी बार छापा मारा। इससे पहले कांके अंचल में हुए जमीन घोटाले में इडी ने उसके ठिकानों पर छापा मारा था। कांके जमीन घोटाले की जांच के बाद ईडी द्वारा दिवाकर द्विवेदी के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया जा चुका है। द्विवेदी फिलहाल धनबाद जिले में जिला परिवहन पदाधिकारी के पद पर पदस्थापित हैं। ईडी ने रांची में राजबीर कंस्ट्रक्शन के निदेशक पुनित अग्रवाल और उमायुष मल्टीकॉम प्राइवेट लिमिटेड से संबंधित आयुष सिंह के ठिकानों पर भी छापेमारी की। आयुष सिंह का संबंध शैलेष सिंह से है।

सेहत की चिंता गंभीर बीमारियों को लेकर केंद्र ने सभी राज्यों को चेताया

पशु उत्पादों में प्रतिबंधित एंटीबायोटिक का इस्तेमाल करने पर खैर नहीं

PHOTON NEWS @ RESEARCH DESK :

खाने-पीने के सिस्टम में गड़बड़ी के कारण सेहत पर प्रतिकूल असर पड़ता है। बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए अच्छी क्वालिटी का संतुलित भोजन आवश्यक है। हम अपने भोजन के लिए जो चीजें बाजार से खरीदते हैं, उनमें मिलावट के कारण क्वालिटी तो खराब होती ही है, उनके इस्तेमाल से कई प्रकार की बीमारियां भी पैदा होती हैं। सामान्य रूप से व्यावसायिक लाभ के लिए पशु उत्पादों में ऐसी दवाओं का भी इस्तेमाल किया जाता है, जो प्रतिबंधित हैं। इस मामले में अब सेहत की चिंता करते हुए केंद्र सरकार ने कड़ा रुख अख्तियार किया है और सभी राज्यों को इस संबंध में चेतावनी जारी की है। केंद्र के स्वास्थ्य मंत्रालय ने दूध, दही, अंडा और शहद जैसे पशु उत्पादों में प्रतिबंधित एंटीबायोटिक दवाओं के इस्तेमाल को लेकर देश के सभी जिलों में जांच कराने का फैसला लिया है। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने राज्यों को जारी आदेश में कहा है कि पशु उत्पादों में प्रतिबंधित एंटीबायोटिक दवाओं के इस्तेमाल से गंभीर स्वास्थ्य जोखिम हो सकता है।

शिकायतों पर संज्ञान लेने के बाद डीसीसी ने की थी प्रतिबंध लगाने की सिफारिश

इन दवाओं के आयात, निर्माण, बिक्री और वितरण पर लगाया जा चुका है प्रतिबंध

- केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन की ओर से जारी किया गया आदेश
- दूध, दही, शहद व अंडा जैसे उत्पादों में एंटीबायोटिक की सभी जिलों में होगी जांच
- खाद्य प्रोडक्ट में ऐसी दवाओं के इस्तेमाल से स्वास्थ्य को हो सकता है जानलेवा खतरा

दोषियों के खिलाफ दवा, औषधि व प्रसाधन सामग्री अधिनियम के तहत होगी कार्रवाई

जिला औषधि नियंत्रकों को रहना होगा जागरूक

देश के औषधि महानियंत्रक डॉ. राजीव सिंह रघुवंशी ने आदेश में कहा है कि कड़ी निगरानी रखने के लिए सभी जिला औषधि नियंत्रकों को जागरूक किया जाए, ताकि किसी भी खाद्य उत्पादक पशु पालन प्रणाली में इसका उपयोग न हो। आदेश में राज्यों से यह भी कहा गया है कि दोषियों के खिलाफ दवा एवं औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

पशु आहार पूरक के रूप में दवाओं का प्रयोग

बाजार में मिल रहे दूध, दही, अंडा व शहद में एंटीबायोटिक क्लोरैम्फेनिकॉल और नाइट्रोफ्यूरान दवाओं का इस्तेमाल किया जा रहा है। इन शिकायतों पर संज्ञान लेने के बाद औषधि परामर्श समिति (डीसीसी) ने इस पर प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की थी। इसके चलते पिछले माह ही केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने किसी भी खाद्य उत्पादक पशु पालन प्रणाली में उपयोग के लिए इन दवाओं के आयात, निर्माण, बिक्री और वितरण पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसके बावजूद इन दावों का इस्तेमाल हो रहा है। स्वास्थ्य ममंत्रालय का मानना है कि इन दवाओं का दुरुपयोग पोल्ट्री और अन्य पशु आहार पूरक के लिए किया जा रहा है। गौरतलब है कि साल 2023 में समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण ने सबसे पहले इस मामले को उजागर किया था।

धनबाद : पूजा टॉकीज के पास सड़क हादसे में एक की मौत, दो हुए घायल

बाराती बस की चपेट में आ गया था नगर निगम का सफाईकर्मी, लोगों ने घंटों किया सड़क जाम

AGENCY DHANBAD : धनबाद के बेकारबांध स्थित पूजा टॉकीज के पास बुधवार की सुबह एक बाराती बस ने एक बाइक को अपने चपेट में ले लिया। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, तो वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना से गुस्साए लोगों ने सड़क पर आगजनी का करीब पांच घंटे तक सड़क जाम रखा। घटना के संबंध में बताया जाता है कि रोज की तरह बुधवार की सुबह धनबाद नगर निगम के सफाई कर्मी अपनी ड्यूटी पर जा रहे थे। तभी एक तेज रफ्तार बस (जेएच 10 एच 2605) जो एक बारात से लौट रही थी, उसने सफाईकर्मियों की बाइक को अपने चपेट में ले लिया। इस हादसे में एक कर्मी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो अन्य कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल कर्मियों को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं। जहां उनकी स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। वहीं, घटना के बाद बस का ड्राइवर और कंडक्टर बस को खड़ी कर मौके से फरार हो गया। बस पर सवार यात्री भी घटना के बाद बस से उतर गए। मृतक की पहचान नगर निगम सफाई कर्मी बजरंगी भुइयां के रूप में हुई है। तो वहीं घायलों का नाम बिक्की भुइयां और फुलवा बताया जा रहा है, सभी निगम के सफाई कर्मी है। इस घटना से गुस्साए लोगों ने नगर निगम कर्मियों के साथ मिलकर सड़क पर आगजनी कर बेकारबांध - सिटी सेंटर मुख्य मार्ग को पूरी तरह से जाम कर दिया और सड़क पर ही धरना पर बैठ गए। स्थिति को देखते हुए मौके पर भारी मात्रा में पुलिस बल की तैनाती की गई। पुलिस और जिला प्रशासन के अफसर भी मौके पर पहुंच आक्रोशित लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वो नहीं माने। धनबाद सांसद ढुल्लू महतो और धनबाद विधायक राज सिन्हा के प्रयास के बाद लोग शांत हुए। इसके बाद मृतक के परिजन को 10 लाख रुपये मुआवजा, नौकरी और पेंशन देने की सहमति के बाद लोगों ने सड़क जाम हटा लिया।

सड़क जाम कर बैठे निगम के कर्मी व अन्य

बस में फंसी बाइक

गड्ढे में गिरी बाइक युवती की मौत

KHUNTI : खूंटी-चाईबासा मार्ग पर मुरहू थाना के चमराटोली गांव के पास बुधवार को हुई सड़क दुर्घटना में शोभा मुंडू नामक 20 वर्षीय युवती की मौत हो गई। वह मुरहू थाना क्षेत्र के चमराटोली की रहने वाली थी। जानकारी के अनुसार शोभा बुधवार को अपने एक रिश्तेदार के साथ अपने गांव चमराटोली से खूंटी की ओर आ रही थी। गांव से खूंटी-चाईबासा सड़क पर आते ही चालक का संतुलन बिगड़ गया और बाइक एक गड्ढे में गिर गई। इससे शोभा गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि बाइक चालक को मामूली चोट लगी। स्थानीय लोगों की मदद से युवती को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव स्वजनो को सौंप दिया गया।

घटनास्थल पर जुटे लोग ● फोटोन न्यूज

पलामू में ट्रेन से कटकर महिला ने की खुदकुशी

PALAMU : डालटनगंज रेलवे स्टेशन से सटे आबादगंज रेलवे क्रॉसिंग के पास बुधवार को एक महिला ने ट्रेन से कट कर खुदकुशी कर ली। चोपन से रांची जा रही रांची- चोपन इंटरसिटी एक्सप्रेस से कटकर महिला की मौत हुई। सूचना मिलने पर रेलवेकर्मी, राजकीय रेल थाना पुलिस और आरपीएफ के जवान मौके पर पहुंचे। शव को रेलवे ट्रैक से हटाया और पोस्टमार्टम के लिए एमआरएमसीएच में भेज दिया है। महिला की पहचान लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के दिदरी गांव की रहने वाली 35 वर्षीय शोभा देवी पति संजीव कुमार पांडेय के रूप में हुई है। शोभा पति और बच्चों के साथ हमीदगंज में रह रही थी। पति टेम्पो चलाते हैं। घटना बुधवार की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक महिला आबादगंज रेलवे क्रॉसिंग के पास खड़ी थी। इसी बीच चोपन से रांची जा रही ट्रेन को देखकर वह तेजी से पटरी की तरफ गई और सो गई। स्पीड में रहने के कारण ट्रेन महिला के ऊपर से गुजरते हुए स्टेशन पहुंच गई, जिससे महिला का शरीर दो हिस्सों में बंट कर क्षत विक्षत हो गया। चालक ने स्टेशन में घटना की जानकारी दी। उसके बाद राजकीय रेल थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। महिला के शव की पहचान कई घंटे बाद हुई। शोभा देवी शादी में शामिल होने के लिए दिदरी गांव गयी थी। वहां से मंगलवार को अपने तीन बच्चों के साथ हमीदगंज लौट गयी थी। पति दिदरी में ही थे।

BRIEF NEWS

पूर्व वार्ड पार्षद सरोज भेंगरा का निधन

KHUNTI : खूंटी नगर पंचायत की पूर्व वार्ड पार्षद सरोज भेंगरा का बुधवार को उनके कदमा अमृतपुर स्थित आवास पर हो गया। 54 वर्षीया सरोज ने वार्ड नंबर 16 से नगर पंचायत का चुनाव जीता था। वे पिछले कई दिनों से बीमार थी। कुछ दिन पहले ही वह पारस अस्पताल से अपना इलाज कराकर घर आई थी। सरोज के निधन सुनकर पूर्व वार्ड पार्षद अपर्णा हंस सहित कई लोग उनके आवास पर पहुंचे और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। अपर्णा हंस ने कहा कि सरोज भेंगरा बहुत ही मिलनसार और हंसमुख स्वभाव की थी। उन्होंने कहा कि हमने एक अच्छा जनप्रतिनिधि खो दिया है।

जीएम लैंड में बने 25 घर अतिक्रमण की जद में

PALAMU : मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के पहाड़ी इलाके में चनवारी के पास प्लॉट नंबर 886 में सरकारी जमीन पर 20 से 25 मकान अवैध रूप से बनाए गए हैं। नगर निगम की टीम ने मापी कर इन मकानों को बुधवार को चिन्हित किया। मकानों में रहने वालों को नोटिस देकर खुद से मकान हटाने का निर्देश दिया जाएगा। इसके बाद भी मकान नहीं हटने पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। मकान को चिन्हित करने के लिए मेदिनीनगर सदर अंचल के सर्किल इंस्पेक्टर पॉलीकार्प तिर्की के नेतृत्व में नोडल पदाधिकारी दिलीप कुमार, निगम के सरकारी अमीन विकास कुमार और जमादार शेरान खान ने दोपहर 12 बजे से लेकर 3 तक सभी मकानों की मापी की। टीम की ओर से बताया गया कि 20 से 25 घरों को चिन्हित किया गया है और लाल दाग लगा दिये गये हैं। ऐसे सभी मकानों में रहने वाले लोगों को अतिक्रमण हटाने का नोटिस जारी किया जाएगा। नोटिस के बाद अगर लोग खुद से मकान नहीं हटाते हैं तो अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर मकानों को तोड़ा जाएगा। नगर निगम की इस कार्रवाई से सरकारी भूमि पर मकान बनाकर रहने वाले लोगों में काफी मायूसी देखी जा रही है। वे परेशान हो गए हैं।

चुनुडीह गांव में घुसा हाथी, तोड़ा घर

GHATSILA : थाना क्षेत्र के चुनुडीह गांव में बुधवार को हाथी घुस जाने से हड़कंप मच गया। हालांकि जंगल से निकल कर हाथी गांव के बीचों-बीच से निकल गया। इससे किसी तरह की बड़ी क्षति नहीं हुई, लेकिन हाथी ने भैरव मुर्मू नामक ग्रामीण का घर तोड़ दिया है। गांव में हाथी घुसने की सूचना मिलते ही वन विभाग के मनपाल अमित सेन महतो गांव पहुंचकर घर का मुआयना किया। वनपाल ने बताया कि विभाग द्वारा भैरव मुर्मू को उचित मुआवजा दिया जाएगा। भैरव मुर्मू ने वन विभाग को घर टूटने से हुई क्षति का आवेदन वन विभाग को दिया है। ज्ञात हो कि पहली बार शहरी क्षेत्र में हाथी के घुसने से गांव के लोग सहमे हुए हैं। समाचार लिखे जाने तक हाथी जंगल की ओर निकल गया था। लोगों का अनुमान है कि झुंड से बिछड़ कर हाथी जंगल से शहर की ओर आया है।

छात्राओं को बांटे गए रियूजेबल सैनिटरी पैड

CHAIBASA : झारखंड के पैडमैन सह सामाजिक संस्था निश्चय फाउंडेशन की ओर से बुधवार को सदर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य नीमडीह में छात्राओं व महिलाओं में रियूजेबल सैनिटरी पैड का वितरण किया गया। इस पैड का इस्तेमाल अच्छी तरह धोकर और सुखाकर लगभग दो साल तक किया जा सकता है। रियूजेबल पैड का इस्तेमाल कर पैड के निस्तारण से जुड़ी समस्याओं से निपटा जा सकता है। वहीं इससे हर महीने महंगा पैड खरीदने से भी निजात मिल सकेगी। संस्था के संस्थापक तरुण कुमार ने किशोरियों से अपील की कि जिन्हें पैड दिया गया, वे बरसात आते ही एक पैड-एक पेड़ की तर्ज पर एक पेड़ लगाएं। इस मौके पर प्रधान शिक्षक कृष्णा देवगम समेत सुशील कुमार सरदार, गंगाराम लागुरी, कुंती बोदरा, कल्पना गोराई, एलिस बेक, विकास कुमार, सुकांति गोप, सामुएल जामुदा आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं व फूलमती देवगम, मनीषा लोहार, जानो बारी, नानो मुंदुईया, अलका तांती, शबनम तांती, मीनाक्षी खंडाईत, सुमित्रा बारी, सरस्वती कालुंडिया, सरिता पुरती आदि किशोरियां उपस्थित थीं।

युवती से किया दुष्कर्म, वीडियो कर दिया वायरल, आरोपी फरार

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा में 19 वर्षीय युवती के साथ दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता द्वारा दर्ज एफआईआर के अनुसार, आरोपी रिश्ते में मामा लगने वाला ध्रुव ऋतुल सिंकू है, जिसने पहले शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया और फिर घटना का अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पीड़िता ने चाईबासा के मुफस्सिल थाना में दर्ज शिकायत में बताया कि वर्ष 2022 में ध्रुव ऋतुल सिंकू ने उसे हरिगुटू बुलाकर जबरन अपने कब्जे में लिया और शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के दौरान आरोपी ने मोबाइल फोन से उसका अश्लील वीडियो बनाया और उसे

दिखाकर धमकी दी कि यदि उसने किसी को कुछ बताया तो वीडियो को वायरल कर देगा। इसके बाद से आरोपी युवती को लगातार ब्लैकमेल करता रहा। पीड़िता ने बताया कि दिसंबर 2024 में उसने देखा कि उसका अश्लील वीडियो वाट्सएप पर वायरल हो गया है। जब उसने इस पर आरोपी से सवाल किया, तो उसने धमकाते हुए कहा कि जो करना है, कर ले, पुलिस मेरी जेब में है। पीड़िता का आरोप है कि ध्रुव ऋतुल सिंकू एक रसूखदार परिवार से आता है।

पहलगाम की आतंकी घटना पर दिखा उबाल

JAMSHEDPUR : जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को दिल दहलाने वाले आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। बुधवार को जमशेदपुर महानगर के सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर उतरकर आतंकवाद के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन कर आक्रोश व्यक्त किया। जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने साकची स्थित जिला कार्यालय से जुबिली पार्क गोलचक्कर तक हाथों में आतंकवाद का पुतला लेकर पैदल मार्च निकाला। इस दौरान 'आतंकवाद मुर्दाबाद' और 'पाकिस्तान मुर्दाबाद' के नारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। जुबिली पार्क गोलचक्कर पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं ने आतंकवाद का पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया।

बरसात से पहले झारखंड हो जाएगा नक्सल मुक्त : डीजीपी अनुराग गुप्ता

PHOTON NEWS GOMIA : बोकारो जिले के ललपनिया-गोमिया स्थित लुगू पहाड़ की तलहटी पर बसे चोरगांवा के सोसो टोला के पास 21 अप्रैल को नक्सलियों के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन डाकाबेड़ा में मिली सफलता के बाद बुधवार को डीजीपी अनुराग गुप्ता ललपनिया पहुंचे। उन्होंने ललपनिया स्थित टीटीपीएस के श्यामली अतिथि भवन में ऑपरेशन में शामिल सभी जवानों को सम्मानित किया। डीजीपी ने कहा कि ऑपरेशन में मारा गया विवेक नक्सलियों का बड़ा लीडर था। उसके मारे जाने से पूरा इलाका शांत हो गया है। उन्होंने कहा कि बरसात शुरू होने से पहले पूरे झारखंड को नक्सल मुक्त किया जाएगा। उन्होंने इस अभियान में मिली कामयाबी का श्रेय कोबरा बटालियन को दिया। कहा कि इनके नेतृत्व में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। इसमें शीर्ष नक्सलियों को मार गिराया गया जो राज्य की पुलिस की सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि यहां से अब सारी फोर्सेस को सारंडा भेजा जाएगा।

जवानों को सम्मानित करते डीजीपी ● फोटोन न्यूज

इन जांबाज जवानों को डीजीपी ने किया सम्मानित

ऑपरेशन डाकाबेड़ा में पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी पर जिला पुलिस, झारखंड जगुआर, सीआरपीएफ, कोबरा बटालियन के जवानों की खूब प्रशंसा की और उनके नेतृत्व कताओं को डीजीपी अनुराग गुप्ता ने सम्मानित कर हौसला बढ़ाया। इनमें 209 कोबरा बटालियन के उप कमांडेंट अंजनी कुमार, बाला मुरुगन, विक्रमाजीत, जिला पुलिस के जितेंद्र कुमार, मंटू कुमार, झारखंड जगुआर इंस्पेक्टर जोन मुर्मू, सीआरपीएफ के संजीव कुमार और सरोज कुमार शामिल है। मौके पर एडीजी-ऑपरेशन संजय आनंद लाटकर, आईजी ऑपरेशन सीआरपीएफ साकेत कुमार सिंह, आईजी अनूप बिरथरे, बोकारो आईजी माइकल राज एस, डीआईजी सुरेंद्र कुमार झा, कोबरा बटालियन के कमांडेंट दीपक भाटी, एसपी मनोज स्वर्गियारी, एसडीओपी बीएन सिंह सहित गोमिया, ललपनिया, महुआटांड़, पेटरवार, जगेश्वर बिहार, चतरोचट्टी थाना प्रभारी व जवान थे।

कृषक मित्रों ने किया धरना-प्रदर्शन

AGENCY PALAMU : पलामू जिले के कृषक मित्र अपनी मांगों को लेकर बुधवार को कृषि विभाग कार्यालय का घेराव किया। घेराव कार्यक्रम बड़ी संख्या में कृषक मित्र शामिल हुए। सभी ने एकजुटता दिखाते हुए एक साल से बकाया प्रोत्साहन राशि देने और हर महीने मानदेय भुगतान की मांग की। घेराव कार्यक्रम का नेतृत्व और अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रंजन कुमार दुबे ने किया। संचालन तनवीर आलम ने किया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि सारे कृषक मित्र ग्राउंड जीरो पर जाकर कृषि और किसानों के हित में काम करते हैं, लेकिन उन्हें प्रोत्साहन राशि से भी वंचित किया जा रहा है। एक साल से प्रोत्साहन राशि नहीं दी जा रही है। उनके ऊपर काम करने वाले कर्मियों को अच्छी खासी सैलरी मिलती है। वे एयर कंडीशन में बैठकर काम करते हैं लेकिन कृषक मित्र जो गांव-गांव जाकर काम करते हैं उन्हें सिर्फ छला जा रहा है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कृषक मित्रों को भी मानदेय देना होगा। उन्होंने कहा कि मिट्टी जांच, खाद, बीज, वितरण विधि से खेती करने, कृषक पाठशाला संचालन करने, किसान क्रेडिट कार्ड वितरण करवाने, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई, प्रधानमंत्री सम्मान निधि, बंजर भूमि को उपजाउ बनाने, कृषि समृद्धि, प्रधानमंत्री कुसुम योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा सब्जी की खेती किसानों को प्रशिक्षण दिलवाने सहित अन्य कार्य कृषक मित्रों से कराए जाते हैं। इसके बदले में सरकार की ओर से सिर्फ 1000 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाती है। वह भी एक वर्ष से नहीं मिली है। इसकी सारी जवाबदेही जिला कृषि पदाधिकारी की है, क्योंकि सरकार के साथ-साथ विभाग भी कृषक मित्रों के साथ छल कर रहा है। जिला उपाध्यक्ष कृष्णा बैठा ने कहा कि अगर कृषि विभाग कृषक मित्रों को 15 दिन के अंदर प्रोत्साहन राशि भुगतान नहीं करता है तो हम सभी लोग जून के महीने में इससे भी बड़ा आंदोलन करेंगे।

कृषि विभाग कार्यालय के समक्ष नारेबाजी करते कृषक मित्र ● फोटोन न्यूज

महिला ने फंदे पर लटककर की खुदकुशी

KHUNTI : तपकारा थाना क्षेत्र के बाजार टांड निवासी बादल महतो की 22 वर्षीय पत्नी ने मंगलवार की देर रात अपने घर में फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली। तपकारा थाना की पुलिस को बुधवार सुबह घटना की जानकारी मिली, तो उसने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेंज दिया। मिली जानकारी के अनुसार पूजा कुमारी घर के पास ही एक शादी समारोह में गई थी और वहां से खाना खाकर घर लौटी थी। सुबह लोगों को जानकारी मिली की पूजा ने खुदकुशी कर ली। इस मामले को लेकर गांव के लोग हत्या की आशंका जता रहे हैं। लोगों का कहना है कि पूजा का पति बादल महतो आपराधिक छवि का व्यक्ति है और जेल भी जा चुका है। बताया जाता है कि लगभग डेढ़ साल पहले पूजा की शादी बादल महतो के साथ हुई थी।इस संबंध में तपकारा के थाना प्रभारी नितेश गुप्ता ने बताया कि पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामला स्पष्ट हो सकेगा। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। हालांकि प्रथम दृष्टया मामला खुदकुशी का प्रतीत होता है।

जिला उद्योग केंद्र में 50 लोगों ने कराया निःशुल्क रजिस्ट्रेशन

शिविर में रजिस्ट्रेशन का प्रमाणपत्र देते पदाधिकारी ● फोटोन न्यूज

HAZARIBAG : जिला उद्योग केंद्र, हजारीबाग द्वारा बुधवार को जिला उद्योग केंद्र में उद्यम रजिस्ट्रेशन कम-जागरूकता शिविर लगाया गया। इस कार्यक्रम में कुल 50 लोगों का निशुल्क ऑन द स्पॉट उद्यम रजिस्ट्रेशन किया गया और 50 लोगों को उद्यम रजिस्ट्रेशन के लिए दस्तावेज लिए गए। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम के पंजीकरण को बढ़ावा देना और उद्यमिता को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक शंभू शरण बैठा, जिला अग्रणी प्रबंधक राकेश आजाद, ईओडीबी मैनेजर श्याम कुमार गुप्ता, चैंबर ऑफ कॉमर्स हजारीबाग के अध्यक्ष शंभूनाथ अग्रवाल एवं प्रतिनिधि तारिक राजा, आरसेटी के साथ-साथ विभिन्न जगहों से बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। इस मौके पर श्याम कुमार गुप्ता जिला उद्योग केंद्र द्वारा क्रियान्वित योजनाओं और उद्यमिता को बढ़ावा देने वाली पहल पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि उद्यम रजिस्ट्रेशन, पीएमईजीपी, पीएम-एफएमई और माइक्रो इंटरप्राइजेज डेवलपमेंट जैसी योजनाएं छोटे व्यवसायों को बढ़ावा देने और स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने में अहम भूमिका निभा रही हैं।

योजनाओं से संबंधित साक्ष्य मिटाने के लिए अलपीटो पंचायत में चोरी की घटना को दिया गया था अंजाम

23 लाख गबन मामले में मुखिया सहित चार पर एफआईआर

PHOTON NEWS HAZARIBAG : विष्णुगढ़ के प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने मुखिया सहित चार लोगों पर एफआईआर दर्ज कराई है। ग्राम पंचायत अलपीटो विष्णुगढ़ प्रखंड में 15वीं वित्त योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 में विभिन्न योजनाएं क्रियान्वित की गई थीं। एमआईएस रिपोर्ट के आधार पर क्रियान्वित की गई सभी 16 योजनाओं यथा पेवर्स ब्लॉक पथ निर्माण, पुलिया निर्माण, श्मशान घाट निर्माण, चापाकल मरम्मत, जल नल कनेक्शन आदि में विभागीय दिशा-निदेर्शों की अवहेलना करते हुए 23 लाख 80 हजार रुपये का अवैध रूप से भुगतान कर गबन करने का मामला संज्ञान में आने पर के द्वारा जांच क्रम में इस कार्य में संलग्न अलपीटो मुखिया सुमिता देवी, मुखिया पति धनेश्वर यादव नारायण यादव मुखिया का संबधी तथा तत्कालीन पंचायत सचिव सरयू पासवान की संलिप्तता पाई गई है।

उक्त सभी योजनाओं का भुगतान अलग-अलग लाभुक समिति के नाम से होना था। प्रखंड विकास पदाधिकारी, विष्णुगढ़ ने इस पर कार्रवाई करते हुए अवैधकताओं द्वारा सरकारी राशि का गबन एवं दुरुपयोग, वित्तीय अनियमित तथा सरकारी नियम परिनियम की अवहेलना,पद का दुरुपयोग करना, साक्ष्य मिटाना एवं अन्य अनियमितताओं के संदर्भ में भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत विष्णुगढ़ थाना में अभियुक्तों पर प्राथमिकी की दर्ज कराई है।

इन योजनाओ का अभिलेख एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज से संबंधित साक्ष्य मिटाने के लिए अलपीटो पंचायत में चोरी की घटना घटी, जो जांच का विषय है। इस संबंध में थाने में मामला दर्ज किया गया है।

प्रतीकात्मक तस्वीर

इन योजनाओं के भुगतान में हुई गड़बड़ी

बीडीओ का कहना कि योजना के तहत कराए गए निर्माण कार्यों का भुगतान अलग-अलग लाभुक समिति के नाम होना चाहिए था। ऐसी 16 योजनाओं को चिह्नित किया गया। इसका भुगतान मार्गनिर्देशिका के विपरीत किया गया है। इसमें हेठली बोदरा में रामदेव यादव के घर से बालेश्वर यादव के घर तक पेवर्स ब्लॉक पथ -60 हजार, हेठली बोदरा में पीसीसी पथ से प्रसादी यादव के घर तक पेवर्स ब्लॉक पथ एक लाख 90 हजार, चौथा में महावीर यादव के घर से छोटे यादव के घर तक पेवर्स ब्लॉक पथ-एक लाख 90 हजार, गुंडरो में मनोज ठाकुर के घर से प्रकाश ठाकुर के घर तक पेवर्स ब्लॉक पथ-एक लाख 90 हजार रुपए, गुंडरो में पारटांड मंदिर से डेगलाल सिंह के घर तक पेवर्स ब्लॉक पथ-एक लाख 2 हजार रुपए, गुंडरो में मनोज सिंह के घर से महेंद्र सिंह के घर तक पेवर्स ब्लॉक पथ-एक लाख, अलपीटो में छतरटांड मंदिर से देवकी यादव के घर तक पेवर्स ब्लॉक पथ एक लाख, हेठली बोदरा के मुकेश यादव के घर से पास पुलिया निर्माण -90 हजार, चौथा में बाराघाट में श्मशान घाट निर्माण, 50 हजार रुपये, अलकोपी में चापाकल मरम्मत एक लाख 90 हजार रुपये, उपरैली बोदरा में जल-नल कनेक्शन एक लाख 90 हजार, चौथा में 20 घरों में जल नल पाइप कनेक्शन एक लाख 90 हजार, अलपीटो के पंडित टोला में 10 घरों में जल-नल कनेक्शन- एक लाख 90 हजार, हेठलीबोदरा के पाठक टोला में जल-नल कनेक्शन एक लाख 50 हजार अलपीटो में घटाटांड़ में जल-नल पाइप कनेक्शन, एक लाख 90 हजार, हेठली बोदरा में सिंह टोला में जलनल पाइप कनेक्शन एक लाख 90 हजार रुपये का भुगतान किया गया है।

घाटशिला कॉलेज के पूर्व प्राचार्य प्रो. एमडीपी सिंह का निधन

GHATSILA : घाटशिला कॉलेज के पूर्व प्रभारी प्राचार्य प्रो. एमडीपी सिंह का बुधवार को निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उन्हें हृदय और पेट से संबंधित समस्याएं थीं। दो दिन पहले ही उन्हें स्टंट लगा था और हॉस्पिटल से घर आए थे। रात 12.30 बजे अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। तत्काल उन्हें ब्रह्मानंद अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। उन्हें फौरन घाटशिला अनुमंडल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। वे अपने पीछे पत्नी, एक पुत्री व एक नतिनी छोड़ गए हैं। उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव जमुई (बिहार) ले जाया जाएगा, जहां उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

SHARE

सेंसेक्स	:	80,116.49
निफ्टी	:	24,282.35

SARAFA

सोना	:	9,190
चांदी	:	111.00

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

समाजसेवी मोहम्मद शाहिद अयूबी ने की आतंकी हमले की निंदा

RANCHI : जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की समाजसेवी शाहिद अयूबी ने निंदा की है. उन्होंने इसे इंसानियत को शर्मसार करने वाली घटना बताते हुए सरकार से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने कहा, हम इस दुख की घड़ी में पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ खड़े हैं और एक शांतिपूर्ण तथा आतंक मुक्त राष्ट्र के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं। यह जघन्य कृत्य न केवल मानवता पर एक काला धब्बा है, बल्कि इस्लाम के सिद्धांतों का भी स्पष्ट उल्लंघन है, जो शांति, करुणा और जीवन की पवित्रता का प्रतीक है।

मारवाड़ी सम्मेलन की बैठक अग्रसेन भवन में आज

RANCHI : झारखंड प्रान्तीय मारवाड़ी सम्मेलन के अभिभावक, वरिष्ठ सदस्य और जिला अध्यक्ष तथा जिलामंत्री की बैठक 24 अप्रैल को होगी। बैठक अपर बाजार स्थित अग्रसेन भवन में आहुत की गई है। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार और महामंत्री विनोद कुमार जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। इसमें मुख्य रूप से आगामी 27 अप्रैल को होने वाले झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष के चुनाव के लिए धनबाद जिले में होने वाले पुनर्मतदान से संबंधित विस्तृत चर्चा और चुनाव को लेकर राज्य में व्याप्त असंतोष को कैसे समाप्त किया जाए इसपर चर्चा होगी। उन्होंने सभी से आग्रह किया है कि वे समय निकालकर इस बैठक में अपना मार्गदर्शन और बहुमूल्य सुझाव दें।

भव्य नगर कीर्तन कल, 26-27 को सजेगा विशेष दीवान

RANCHI : बैसाखी के उपलक्ष्य में गुरुनानक सेवक जत्थे के तीन दिवसीय समागम के पहले दिन 25 अप्रैल को नगर कीर्तन निकाला जाएगा। गुरुनानक सेवक जत्थे के सदस्यों की ओर से आयोजन को लेकर जोरशोर से तैयारियां चल रही हैं। 26 और 27 अप्रैल को होने वाले नौवें कीर्तन दरबार के लिए गुरुनानक सेवक जत्थे के सदस्यों ने वाहेगुरु का जाप करते हुए गुरुद्वारा के अंदर और बाहर के हिस्से की साफ-सफाई की। जत्थे के पीयूष मिढ़ा और करण अरोड़ा ने बुधवार को बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन 25 अप्रैल को सुबह पौने पांच बजे भव्य नगर कीर्तन निकाला जाएगा।

वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने वाणिज्य कर विभाग में की प्रेसवार्ता, कहा-

राजस्व संग्रहण में आया सुधार, 2024-25 में 92,189.10 करोड़ रुपये की हुई वसूली

- राज्य के राजस्व संग्रहण को मजबूत करने की दिशा में कई महत्वपूर्ण बातें रखी
- सभी विभागों को निर्देश, प्रत्येक 3 माह में करें राजस्व संग्रहण की समीक्षा
- पहलगाम की घटना पर एक मिनट का मौन रख कर मृतकों को दी गई श्रद्धांजलि
- वित्त मंत्री करेंगे प्रत्येक 6 माह पर विभागों की समीक्षा

वित्तीय वर्ष 2024-25 में निर्धारित लक्ष्य 26 हजार करोड़ के विरुद्ध 22292.25 करोड़ का किया राजस्व संग्रहण

PHOTON NEWS RANCHI : वित्त सह वाणिज्य कर मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि राज्य में बेहतर शिक्षा और रोजगार के अवसरों के लिए कुशल प्रबंधन की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि लोकसभा और विधानसभा चुनावों के चलते राजस्व संग्रहण प्रभावित हुआ, फिर भी प्रयास संतोषजनक रहे हैं। मंत्री ने बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष में 1,06,999.57 करोड़ रुपये का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसमें से 92,189.10 करोड़ रुपये की वसूली हुई, जो कि 86.16% है। वहीं, गैर-कर प्राप्तियों सहित कुल 1,03,469.82 करोड़ रुपये यानी बजट एस्टीमेट का 80.27% प्राप्त हुए हैं। वह बुधवार को सूचना भवन सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे । वित्त मंत्री के साथ वाणिज्य विभाग के सचिव अमिताभ कौशल और वाणिज्य कर आयुक्त अमीत कुमार भी मौजूद थे।

कार्यक्रम में जानकारी देते वित्त-सह-वाणिज्य कर मंत्री राधाकृष्ण किशोर ● फोटोन न्यूज

आर्थिक ढांचे को करेंगे मजबूत

वित्त मंत्री ने कहा कि माइयां सम्मान योजना की राशि सरकार द्वारा सुनिश्चित की गई है। वहीं, राजस्व व्यय की जानकारी देते हुए बताया गया कि 1,31,234.42 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे, जिनमें से 1,18,279.69 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। वित्त मंत्री ने भरोसा दिलाया कि राज्य के आर्थिक ढांचे को और मजबूत बनाने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश होगी की हमारी सरकार का वित्तीय प्रबंधन पारदर्शी हो।

अधिनियम के तहत हर तीन महीने पर समीक्षा

वित्त मंत्री ने कहा कि FRBM अधिनियम के तहत वर्ष 2025-26 में सभी विभागों को तीन महीने में एक बार राजस्व संग्रहण की समीक्षा करने का निर्देश दिया गया है। वे स्वयं छह महीने में एक बार इसकी समीक्षा करेंगे। राज्य के सभी प्रमंडलों का दौरा कर अधिकारियों को निर्देश दिए जाएंगे, वहीं जो प्रमंडल पीछे होंगे उन्हें विशेष निर्देश और सहायता दी जाएगी। पीएल अकाउंट में राशि का विवरण सभी विभागों से मंगवाया गया है। इस अकाउंट में राशि जो 2010 से पार्क की गई है वह गलत है। इसपर हम पूरी संवेदनशीलता के साथ समीक्षा कर रहे हैं।

लक्ष्य का 86 परसेंट राजस्व संग्रहण

राधाकृष्ण किशोर ने कहा की झारखंड सरकार के वाणिज्य कर विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में निर्धारित लक्ष्य 26 हजार करोड़ रुपये के विरुद्ध 22292.25 करोड़ रुपये का राजस्व संग्रहण प्राप्त कर लिए है जो वार्षिक लक्ष्य का 85.74 फीसदी राजस्व संग्रहण है। जबकि वित्तीय वर्ष 2019-20 में 14286.27 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्ति हुई थी। इस प्रकार विगत 5 वर्षों में प्राप्त राजस्व संग्रह में कुल 56.04 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल राजस्व संग्रह 26,500 करोड़ रुपया का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ बीजेपी ने निकाला मशाल जुलूस

मशाल जुलूस में शामिल भाजपा के नेता व कार्यकर्ता ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS RANCHI : जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए दर्दनाक आतंकी हमले में 26 पर्यटकों और दो स्थानीय नागरिकों की निर्मम हत्या ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस जघन्य वारदात के विरोध में भारतीय जनता पार्टी, बफार्नी ग्रुप, राष्ट्रीय युवा शक्ति तथा कई सामाजिक संगठनों ने बुधवार को रांची में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही विरोध में मशाल जुलूस निकाला।

जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम से शुरू हुआ यह मशाल जुलूस कचहरी चौक होते हुए अल्बर्ट एक्का चौक पर समाप्त हुआ। प्रदर्शनकारियों के हाथों में जलती हुई मशालें थीं और देशद्रोहियों के खिलाफ नारे गूंज रहे थे। पूरे माहौल में गुस्सा और आक्रोश साफ झलक रहा था।

प्रदर्शन के दौरान भाजपा नेताओं ने आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की और केंद्र सरकार से आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक एवं कठोर कार्रवाई की मांग की। इस विरोध कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, हटिया विधायक नवीन जायसवाल और राज्य मंत्री संजय सेठ समेत कई वरिष्ठ भाजपा नेता शामिल हुए। नेताओं ने कहा कि यह हमला केवल मासूम नागरिकों पर नहीं, बल्कि भारत की आत्मा पर हमला है और ऐसी घटनाएं अब देश किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं करेगा। कार्यकताओं ने कहा कि अब समय आ गया है, जब देश के भीतर और बाहर मौजूद आतंकी ताकतों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ी जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर में निर्दोष पर्यटकों की हत्या ने पूरे देश को आक्रोशित और एकजुट कर दिया है।

सितंबर के दूसरे सप्ताह तक कर दिया जाएगा सहायक आचार्य के अंतिम रिजल्ट का प्रकाशन

जेएसएससी ने हाई कोर्ट में प्रस्तुत की समय सीमा

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) ने सहायक आचार्य रिजल्ट के प्रकाशन के संबंध में शपथ पत्र के माध्यम से एक टाइम लाइन झारखंड हाई कोर्ट को प्रस्तुत की। इसमें सितंबर माह के द्वितीय सप्ताह में सहायक आचार्य के अंतिम रिजल्ट का प्रकाशन कर दिया जाएगा। जेएसएससी की ओर से बताया गया है कि सहायक आचार्य के ग्रेजुएट लेवल ट्रेंड टीचर (कक्षा 6 से 8) के मैथ एवं साइंस टीचर के लिए जुलाई के प्रथम सप्ताह में रिजल्ट प्रकाशित कर दिया जाएगा। वहीं सोशल साइंस के टीचर के लिए जुलाई के तृतीय सप्ताह में रिजल्ट प्रकाशित होगा

और लैंग्वेज टीचर के लिए अगस्त के प्रथम सप्ताह में रिजल्ट प्रकाशित होगा। इंटरमीडिएट ट्रेंड टीचर (कक्षा 1 से 5) के शिक्षकों के लिए सितंबर के द्वितीय सप्ताह में रिजल्ट प्रकाशित कर दिया जाएगा। जेएसएससी के इस टाइमलाइन को स्वीकार कर लिया गया। जेएसएससी की ओर से वरीय अधिवक्ता राजीव रंजन एवं अधिवक्ता संजय पिपरवाल ने पैरवी की। झारखंड के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्तर पर 26,001 सहायक आचार्य की नियुक्ति होनी है। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की।

झारखंड में मॉडल जेल मैनुअल नहीं बनने पर हाई कोर्ट नाराज

RANCHI : झारखंड में मॉडल जेल मैनुअल नहीं बनने पर हाई कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई है। साथ ही गृह सचिव को उपस्थित होने का आदेश दिया है। जेल मैनुअल में सुधार और जेल में कैदियों की स्थिति से संबंधित कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में बुधवार को हुई। मामले में सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देश के आलोक में अब तक झारखंड में मॉडल जेल मैनुअल नहीं बनने पर खंडपीठ ने कड़ी नाराजी जताई। कोर्ट ने मामले में गृह सचिव को 28 अप्रैल को कोर्ट में हाजिर होने को कहा है।

चौकीदार नियुक्ति परीक्षा 27 को, रहेगी निषेधाज्ञा

PHOTON NEWS RANCHI : चौकीदार नियुक्ति परीक्षा 27 अप्रैल को होगी। यह परीक्षा राजधानी रांची के विभिन्न 15 परीक्षा केंद्रों पर ली जाएगी। परीक्षा प्रथम पाली में सुबह 9.30 बजे से 11 बजे तक होगी। परीक्षा केन्द्रों पर कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा का आयोजन कराने और विधि-व्यवस्था को लेकर उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री और एसएसपी ने पुलिस बल तथा पुलिस अधिकारियों के साथ दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की है। इस संबंध में जिला प्रशासन की ओर से बुधवार को कहा गया है कि परीक्षा में शामिल होनेवाले अभ्यर्थी, उनके अभिभावक या असामाजिक तत्व परीक्षा केन्द्रों पर भीड़ लगाकर विधि व्यवस्था भंग करने की कोशिश कर सकते हैं। इस आशंका को देखते हुए एसडीओ की ओर से 27 अप्रैल की सुबह 6.30 बजे से दोपहर दो बजे तक परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लगा दी जाएगी। इसके तहत पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों के एक जगह पर जमा होने पर रोक रहेगी। किसी प्रकार का ध्वनि विस्तारक यंत्र के इस्तेमाल पर रोक रहेगी, किसी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र लेकर चलने, किसी प्रकार का हरवे हथियार लेकर चलने तथा किसी प्रकार की बैठक या आमसभा के आयोजन पर भी रोक रहेगी।

इन परीक्षा केंद्रों पर होगी परीक्षा

अनिता गर्ल्स हाई स्कूल, कांके, कार्मेल गर्ल्स हाई स्कूल, सामलोंग, नामकुम, गोस्सनर हाई स्कूल, मेन रोड, जीईएल चर्च कम्पलेक्स के पीछे, गर्वमेंट प्लस टू हाई स्कूल, कांके सिमरटोली, नियर सीआईपी, कांके, गर्वमेंट गर्ल्स प्लस टू हाई स्कूल, बरियातु, मारवाड़ी प्लूस टू हाई स्कूल, मारवाड़ी प्लस 2 हाई स्कूल, संत अलोइस इंटरमिडिएट कॉलेज, डॉ कामिल बुल्के पथ, पुरुलिया रोड, संत अलोइस हाई स्कूल, डॉ कामिल बुल्के पथ, पुरुलिया रोड, संत अन्ना गर्ल्स हाईस्कूल, संत अन्ना इंटरमिडिएट कॉलेज, संत जॉन हाई स्कूल, कर्बला टैंक रोड, संत जोसेफ हाई स्कूल, कांके, उसुर्लाईन कान्वेंट गर्ल्स हाई स्कूल, डॉ कामिल बुल्के पथ, उसुर्लाईन इंटर कॉलेज, पुरुलिया रोड शामिल है।

कांग्रेस नेताओं ने की संगठन सृजन-2025 पर चर्चा

PHOTON NEWS RANCHI : बेड़ो में मांडर विधानसभा कांग्रेस कमेटी की बैठक बुधवार को बिशू भगत इंटर कॉलेज में हुई। बैठक में संगठन सृजन-2025 एवं संविधान बचाओ कार्यक्रम पर चर्चा की। इसमें झारखंड सरकार की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की तथा पूर्व मंत्री बंधु तिर्की विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट के मौन के साथ की गई। बैठक में संगठन सृजन-2025 अभियान के तहत पार्टी संगठन को

जमीनी स्तर पर मजबूत करने, कार्यकताओं को सक्रिय करने तथा आगामी चुनावों के लिए रणनीति तय करने पर विस्तार से चर्चा की गई। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा,राज्यभर में कांग्रेस पार्टी को एक नई ऊर्जा के साथ खड़ा करना है। पार्टी की विचारधारा को हर व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करें और संगठन को मजबूत बनाएं। पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने सभी मोर्चा अध्यक्षों से जल्द से जल्द अपनी-अपनी कमेटियों का पुनर्गठन करने का निर्देश दिया। कार्यक्रम में प्रो. करमा उरांव, उप प्रमुख मुदस्सिर हक, मजकुर आलम सिद्दीकी, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

साई मंदिर लापुंग का धूमधाम से मनाया गया 32वां स्थापना दिवस

PHOTON NEWS RANCHI : बेड़ो के लापुंग स्थित प्रसिद्ध साई मंदिर में बुधवार को 32वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास और धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर दिनभर विविध धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 5:15 बजे बाबा की ककड़ आरती से हुई। इसके बाद सुबह 10 बजे क्षेत्र की 251 महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में कलश यात्रा निकाली, जो मंदिर परिसर से आरंभ होकर लापुंग बाजार होते हुए पुनः मंदिर

पहुंची। कलश यात्रा के बाद 11 बजे साई बाबा का अभिषेक किया गया और दोपहर 12:00 बजे मध्यान्ह आरती सम्पन्न हुई। दोपहर 1:00 बजे पंच देवता पूजन, नवग्रह पूजन एवं जग का शुभारंभ पंडित राजकुमार पाठक एवं विकास पाठक के नेतृत्व में पांच विद्वान पंडितों द्वारा किया गया।

गांधीनगर अस्पताल सीसीएल में 26 को लगेगा चिकित्सा शिविर

RANCHI : सीसीएल के केंद्रीय अस्पताल, गांधीनगर, कांके रोड में 26 अप्रैल को प्रातः 9 बजे से निशुल्क हृदय रोग संबंधी चिकित्सा शिविर लगेगा। इस चिकित्सीय शिविर में मैक्स अस्पताल, नई दिल्ली के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. राजीव राठी हृदय रोग से ग्रसित मरीजों का जांच करेंगे एवं चिकित्सीय सलाह देंगे। हृदय रोग से ग्रसित सभी मरीज इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठा सकते हैं। सीएमडी, सीसीएल नीलेंदु कुमार सिंह के मार्गनिर्देशन में सीसीएल ने अपने कर्मियों के साथ-साथ समाज के हर वर्ग के लिए चिकित्सा सेवा मुहैया कराने के लिए कृतसंकल्पित है।

आतंकी हमले की सीएम व बाबूलाल सहित अन्य नेताओं ने की निंदा

PHOTON NEWS RANCHI : जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद झारखंड में शोक की लहर है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित अन्य नेताओं ने हमले की कड़ी निंदा की है।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुआ कायराना आतंकी हमला झकझोर देने वाला है। मरांग बुरु दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करे और शोकाकुल परिवारों को यह दुख सहने की शक्ति दें। घायल लोगों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने हमले पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने लिखा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए कायराना आतंकी हमले की सूचना से मन अत्यंत व्यथित है। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

उन्होंने आगे कहा कि निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाना एक अत्यंत निंदनीय कृत्य है और केंद्र सरकार आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। ऐसे हमलों को अंजाम देने वाले किसी भी आतंकी को बख्शा नहीं जायेगा। आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा कि यह हमला बेहद कायरतापूर्ण, निंदनीय और हृदयविदारक है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मासूम पर्यटकों को निशाना बनाकर की गई गोलीबारी ने हर किसी को झकझोर दिया है। शोकाकुल परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है और मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि घायल लोग जल्द स्वस्थ हो।

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने भी आतंकी हमले को लेकर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने इस हमले को निहत्थे पर्यटकों और आम नागरिकों पर किया गया कायरतापूर्ण हमला करार दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुआ आतंकवादी हमला अत्यंत दुःखद है। यह निर्दोष पर्यटकों और नागरिकों पर कायरतापूर्ण हमला है। सभी प्रभावित परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। हम सभी पीड़ित परिवारों के साथ पूरी मजबूती से खड़े हैं।

पांच से 18 आयुवर्ग के बच्चों के लिए बैक टू स्कूल अभियान की हुई शुरुआत

बच्चों के लिए गुणात्मक शिक्षा पर ध्यान दें शिक्षक : उपायुक्त

PHOTON NEWS RANCHI : उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय के सभागार में पांच से 18 वर्ष आयुवर्ग के सभी बच्चों को विद्यालय में शत प्रतिशत उपस्थिति, नामांकन, ठहराव, उच्च कक्षाओं में परिवर्तन के लिए स्कूल रूआर (बैक टू स्कूल कैंपेन) कार्यक्रम का शुभारम्भ बुधवार को किया।

इस मौके पर उपायुक्त ने ने कहा कि जिला में बेहतर और गुणात्मक शिक्षा के लिए बेहतर प्रयास किए जा रहें है। इसके लिए शिक्षक और जन प्रतिनिधि की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। ताकि शत प्रतिशत बच्चों का नामांकन विद्यालय में

बैक टू स्कूल कैंपेन में उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री व अन्य ● फोटोन न्यूज

कराया जा सकें।

उन्होंने अधिकारियों से अपनी नैतिक जिम्मेदारी का निर्वाहन करते हुए बच्चों को गुणात्मक शिक्षा पर विशेष जोर देने का निर्देश दिया। ताकि, बच्चों का भविष्य उज्जवल बने। उन्होंने कहा कि झारखंड में स्कूल रूआर कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका मुख्य उद्देश्य उन बच्चों को वापस स्कूल लाना है जो किसी कारणवश शिक्षा से वंचित रह गए हैं या जिन्होंने स्कूल छोड़ दिया है। रूआर का अर्थ है फिर से लौटना। इसलिए, यह कार्यक्रम बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा में फिर से जोड़ने पर केंद्रित है।

नैतिक जिम्मेदारी का करें निर्वाहन

उपायुक्त ने कहा कि शिक्षक अपनी नैतिक जिम्मेदारी का निर्वाहन करते हुए बच्चों को बेहतर एवं गुणात्मक शिक्षा दें। सभी शिक्षक सामाजिक दायित्व समाज सेवा की भावना से बच्चों को बेहतर तरीके से पढ़ाएं। जिला स्तर से शिक्षकों की ओर से पढ़ाई का मूल्यांकन प्रतिवर्ष कराया जाएगा। इंप्रूवमेंट नहीं होने पर संबंधित विद्यालय के शिक्षकों के ऊपर कार्रवाई की जाएगी। लगभग 90 प्रतिशत बच्चें सरकारी विद्यालय में पढ़ते हैं।

समाचार सार

यूपीएससी में गोइलकेरा की खुशबू को मिली 977वीं रैंक

CHAKRADHARPUR : पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोइलकेरा की रहने वाली खुशबू लक्ष्मी को संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 977वीं रैंक मिली है। खास बात यह है कि खुशबू ने यह परीक्षा पहले ही प्रयास में उत्तीर्ण की। खुशबू की शुरूआती शिक्षा गोइलकेरा के बालिका मध्य विद्यालय से हुई। इसके बाद 2010 में गढ़वा के ज्ञान निकेतन स्कूल से मैट्रिक और गोपीनाथ सिंह महिला कॉलेज से इंटर की पढ़ाई पूरी की। आगे की पढ़ाई मणिपाल सिक्किम यूनिवर्सिटी से बीसीए और फिर राउरकेला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज से एमसीए किया। यूपीएससी की तैयारी के लिए खुशबू तीन वर्षों से दिल्ली में रह रही थीं, जहां उन्होंने कोचिंग के साथ-साथ सेल्फ स्टडी पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने रोजाना 10 से 12 घंटे की पढ़ाई को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना लिया था। खुशबू के पिता कृष्ण मुरारी पांडे बीमा एजेंट और माता किरण कुमारी गृहिणी हैं।

आजादी के बाद पहली बार बन रही सड़क

CHAKRADHARPUR : पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर प्रखंड में कुलितोडाग पंचायत के सागीपी चौक से लुम्बरुसाई तक 1 करोड़ 22 लाख की लागत से सड़क बनेगी। 1300 मीटर पीसीसी सड़क निर्माण का शिलान्यास बुधवार को विधायक प्रतिनिधि पीरू हेम्ब्रम व झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष सन्नी उरांव ने किया। सन्नी उरांव ने बताया कि सड़क का निर्माण एनआरईपी विभाग से होगा। आजादी के बाद से इस गांव में सड़क नहीं बनी थी। आज भी ग्रामीण मिट्टी मुरूम सड़क से होकर आवागमन करते हैं। विधायक सुखराम उरांव ने इस सड़क को प्राथमिकता के अधार पर स्वीकृति दिलाई। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य मीना जोंको, झामुमो के युवा नेता सिंगराय जोंको, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष ताराकांत सिजुई, मुखिया माझीराम जोंको, लालसिंग अंगरिया, पाणु अंगरिया, बागुन लागुरी, रूप सिंह अंगरिया, मानसिंग समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

भामाशाह जयंती पर एग्रिको से निकली बाइक रैली

JAMSHEDPUR : दानवीर भामाशाह की 478वीं जयंती पर बुधवार को अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा ने एग्रिको के ट्रांसपोर्ट मैदान से बाइक रैली निकाली। पूर्वी सिंहभूम जिला कमेटी ने भामाशाह की जयंती को राष्ट्र गौरव दिवस के रूप में मनाया। साकची स्थित एमजीएम अस्पताल गोलचक्कर पर सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक आमलोगों के बीच शीतल जल, शर्बत, हलवा व खिचड़ी का भोग बांटा गया। इस दौरान जय भामाशाह, जय तेली समाज, दानवीर भामाशाह अमर रहे। तेली एकता जिंदाबाद के जयकारे से लौहनगरी गूंज उठी। भालूबासा चौक पर आकाश जायसवाल के नेतृत्व में शोभायात्रा में शमिल लोगों के बीच फल वितरण एवं अध्यक्ष राकेश साहू को सम्मानित किया गया।

सदर अस्पताल में लापरवाही आई सामने, मरीज नाराज

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले के सबसे बड़े सदर अस्पताल चाईबासा में लापरवाही सामने आई है। जनरल वार्ड में एक ही जगह टीबी रोगियों के साथ सामान्य मरीज को रखा गया है। इससे अन्य मरीजों में नाराजगी है। 18 अप्रैल से सदर अस्पताल में भर्ती 55 वर्षीय टीबी मरीज तिरुवन लागुरी ने बताया कि इलाज ठीक से नहीं किया जा रहा है। इधर नरसंडा की महिला मरीजों को बेड नहीं मिल रहा है, जिससे ग्रामीण मरीज को जमीन पर लिटा कर इलाज किया जा रहा है। मरीज के परिजन ने बताया कि इस भीषण गर्मी में पंखे की व्यवस्था भी नहीं है। घर से पंखा लाकर इलाज कराने को मजबूर हैं। अस्पताल के कर्मियों को जैसे ही खबर की भनक लगी तो हड़कंप मच गया। सिविल सर्जन ने कर्मचारियों को फटकार लगाई।

पहली बार हुआ गूगल ऑनलाइन टेस्ट

GHATSILA : सोना देवी विश्वविद्यालय, घाटशिला के इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी विभाग द्वारा बुधवार को पहली बार गूगल ऑनलाइन टेस्ट का आयोजन किया गया। विभाग की अध्यक्ष पूजा तिवारी ने बताया कि बेसिक कम्प्यूटर ज्ञान पर आधारित इस परीक्षा में 30 छात्र शामिल हुए। टेस्ट में सोना देवी स्कूल ऑफ फामेर्सी के बच्चों ने बाजी मारी। फामेर्सी विभाग की नेहा ठाकुर ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि कौशलेंद्र कुमार यादव ने दूसरा तथा साध्वी कुमारी ने तीसरा स्थान हासिल किया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रभाकर सिंह की उपस्थिति में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कुलसचिव डॉ. गुलाब सिंह आजाद व सहायक कुलसचिव अर्चना सिंह ने प्रमाणपत्र देकर विजेता छात्रों का हौसला बढ़ाया। इस मौके पर सहायक प्राध्यापक दानिया अशरफ तथा मनोविज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. नीलमणि कुमार समेत कई फैकल्टी और विभिन्न विभागों के विद्यार्थी उपस्थित थे।

नदी में नहाने के दौरान डूबे दो किशोर, एक का शव बरामद, दूसरे की तलाश जारी

बाबूडीह स्थित स्वर्णरेखा नदी में स्नान करने गए थे तीन दोस्त

PHOTON NEWS JSR: जमशेदपुर के सिदगोड़ा थाना क्षेत्र स्थित बाबूडीह में स्वर्णरेखा नदी घाट पर मंगलवार को नहाने गए तीन किशोरों में से दो गहरे पानी में डूब गए। बुधवार को इनमें से एक किशोर निखिल का शव स्थानीय मछुआरों की मदद से बरामद कर लिया गया है, जबकि दूसरे किशोर सूरज सांडिल की तलाश अब भी जारी है।

जानकारी के अनुसार, निखिल, सूरज सांडिल और सूरज मछुआ तीनों घनिष्ठ मित्र थे और सभी की उम्र 14 से 15 साल के बीच थी। ये तीनों मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे बाबूडीह नदी में नहाने पहुंचे थे। नहाने के दौरान निखिल और सूरज सांडिल जलकुंभी के साथ खेलते हुए नदी के गहरे हिस्से में चले गए और डूबने लगे। इस पर वहां मौजूद सूरज मछुआ ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन पानी की तेज धारा और फिसलन के कारण वह खुद घायल हो गया। किसी तरह जलकुंभी पकड़कर बाहर निकला और दौड़कर घर पहुंचा, जहां उसने घटना की जानकारी परिजनों को दी।

मृतकों की फाइल फोटो

खबर मिलते ही स्थानीय लोग और मछुआरे मौके पर पहुंचे और खुद ही तलाश शुरू कर दी। अंधेरा होने और पानी की गहराई के कारण शुरूआती प्रयास सफल नहीं हो सके। बुधवार को सुबह से फिर इनकी खोज शुरू कर दी गई थी। इस बीच लोग एनडीआरएफ की टीम का इंतजार करते रहे, लेकिन टीम मौके पर नहीं पहुंची। स्थानीय मछुआरों ने आखिरकार अपनी मेहनत से निखिल का शव निकाल लिया, लेकिन सूरज सांडिल की तलाश अब भी जारी है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और इलाके में मातम पसरा हुआ है।

सड़क हादसे में आधुनिक कंपनी के कर्मी की मौत, बाइक सवार गिरफ्तार

JAMSHEDPUR : सरायकेला-खरसावां जिला अंतर्गत कांड्रा में सड़क हादसे में आधुनिक कंपनी के कर्मचारी तारक दास की मौत हो गई। तेज रफ्तार बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन फौरन एमजीएम अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन वहां डॉक्टरों ने तारक को मृत घोषित कर दिया। मृतक तारक दास चौका थाना क्षेत्र के बोड़ाम टांड़ का रहने वाला था और वर्तमान में कांड्रा में किराए के मकान में रह रहा था। परिवारवालों ने बताया कि तारक दास कंपनी से छुट्टी के बाद घर का सामान लाने बाजार जा रहा था, तभी यह हादसा हुआ। एक साल पहले ही उसकी शादी हुई थी। उनके कोई संतान नहीं है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बाइक को जब्त कर लिया। बाइक चालक को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की जांच जारी है।

कार की चपेट में आकर दो छात्र घायल, एक की हालत गंभीर

GHATSILA : घाटशिला थाना क्षेत्र के फूलडुंगरी चौक के समीप बुधवार की शाम लगभग 5 बजे कार की चपेट में आकर दो छात्र घायल हो गए। घाटशिला थाना की पुलिस ने दोनों घायलों को अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक डॉ. मीरा मुर्मू ने प्राथमिक उपचार कर एक छात्र को रेफर कर दिया। घटना के संबंध में घायल छात्र प्रकाश हांसदा ने बताया कि वह अपने दोस्त नारायण किस्कू के साथ बीए इंजीनियरिंग कॉलेज घुटिया से वापस अपनी बाइक से बहरागोड़ा थाना क्षेत्र के दरखुली गांव लौट रहा था। अचानक फोरलेन से सर्विस रोड की ओर कार मुड़ जाने से बाइक टकरा गई। बताया जाता है कि वह कार घाटशिला व्यवहार न्यायालय की थी।

घाघीडीह सेंट्रल जेल के बाहर अपराधियों ने की फायरिंग

JAMSHEDPUR : जमशेदपुर में अपराधी बेलगाम होते जा रहे हैं। मंगलवार को अपराधियों ने घाघीडीह सेंट्रल जेल के मुख्य द्वार के बाहर दिनदहाड़े फायरिंग कर पुलिस और प्रशासन को खुली चुनौती दे डाली। इस दुस्साहसिक वारदात के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार, दो बदमाश मोटरसाइकिल पर सवार होकर घाघीडीह जेल के गेट पर पहुंचे और हवाई फायरिंग शुरू कर दी। एक गोली जमीन की ओर भी चलाई गई। फायरिंग के बाद दोनों बदमाश फरार हो गए। इस पूरे मामले में जेल अधीक्षक अजय कुमार प्रजापति के आवेदन पर परसुडीह थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई है। घटना के पीछे गैंगवार की आशंका जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि जेल में बंद एक अपराधी का कुछ दिनों पहले सुरक्षाकर्मियों से विवाद हो गया था, जिसके बाद उसकी जमकर पिटाई हुई थी। संभावना है कि उसी अपराधी के साथियों ने जेल के बाहर गोलीबारी कर मैसेज देने की कोशिश की है। फायरिंग की जानकारी मिलते ही पुलिस हरकत में आई और जेल परिसर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

10 लाख रुपये की अवैध शराब की गई जब्त, कारोबारी का भी खुलासा

अभियुक्तों के नाम

1. निखिल कुमार सिंह उर्फ सोनू सिंह, सहारा सिटी, आजाद बस्ती मानगो (फरार)
2. नीरज गुप्ता, सीतारामडेरा, (फरार)
3. मनोज वर्मा उर्फ चिकना, पोस्ट ऑफिस रोड मानगो (फरार)
4. बबलू केशरी, आदर्श नगर मानगो (जेल)
5. संजय मल्लिक, डिमना बस्ती (जेल)

जब्त की गई शराब के साथ उत्पाद विभाग के कर्मी ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS JSR: गुप्त सूचना के आधार पर उत्पाद विभाग की टीम ने 10 लाख रुपये की अवैध शराब जब्त की है। एमजीएम थाना अंतर्गत आरवीएस एकेडमी के पास तुरियाबेड़ा-सिमुलडांगा मार्ग पर छापेमारी कर एक छोटे मालवाहक से अवैध विदेशी शराब को दो ऑटोरिक्शा में लोड करते हुए पकड़ा गया। मालवाहक पर रॉयल गोल्ड कप व्हिस्की की कुल 180 पेटी, जिसे भूसा के बोरे के नीचे छिपाकर रखा हुआ था, मिला। दोनों ऑटोरिक्शा पर इसी ब्रांड की 3-3 पेटी लदी थी। छापेमारी दल के वाहन को आता देख दोनों ऑटोरिक्शा चालक एवं मालवाहक के चालक ने भागने का प्रयास किया, लेकिन इन्हें पकड़ लिया गया। इस बीच मालवाहक का चालक जंगल की ओर फरार हो गया। प्रारंभिक पूछताछ में ऑटोरिक्शा चालकों ने बताया कि उन्हें कुख्यात अवैध शराब कारोबारी नीरज गुप्ता के सहयोगी मनोज वर्मा उर्फ चिकना द्वारा शराब की पेटियां ऑटोरिक्शा के माध्यम से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आपूर्ति करने के उद्देश्य से बुलाया गया था। इसके साथ ही जानकारी दी कि मालवाहक द्वारा अवैध शराब की इस खेप को रांची से नीरज गुप्ता और निखिल सिंह उर्फ सोनू सिंह द्वारा मंगाया गया था। गिरफ्तार अभियुक्तों सहित अन्य संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत करते हुए न्यायिक हिरासत में भेजा जा गया।

कल 14 घंटे बंद रहेगा कूकड़ा रेलवे फाटक

CHAKRADHARPUR : हावड़ा-मुंबई रेल मार्ग के बंडामुंडा स्थित ए-केबिन के पास कूकड़ा रेल फाटक 25 अप्रैल को सुबह 6 बजे से रात के 8 बजे तक बंद रहेगा। जानकारी के अनुसार, उस दिन बंडामुंडा रेलवे यार्ड में इंजीनियरिंग विभाग के द्वारा उन्नयन कार्य किया जाएगा। ज्ञात हो कि राउरकेला से बिसरा के बीच आवाजाही के लिए कूकड़ा रेल फाटक काफी महत्वपूर्ण है। फाटक बंद रहने के दौरान जारा टोली के रास्ते आरएस कॉलोनी, जगदा होते हुए लोग राउरकेला तक आवागमन कर पाएंगे। लेकिन, बड़े वाहनों को राउरकेला के बिसरा चौक और बिसरा के डराईकेला में ही रोक दिया जाएगा। लोगों को आने-जाने में ज्यादा दिक्कत ना हो, इसके लिए आरपीएफ व जीआरपी के जवान अलग-अलग जगह पर मौजूद रहेंगे। लोगों को परिवर्तित मार्ग की जानकारी देते रहेंगे।

पूर्व सांसद शैलेंद्र महतो व आभा महतो सड़क हादसे में घायल

JAMSHEDPUR : जमशेदपुर के पूर्व सांसद शैलेंद्र महतो और उनकी पत्नी व भाजपा की पूर्व सांसद आभा महतो सोमवार देर रात एक सड़क हादसे में घायल हो गए। यह दुर्घटना पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर से जमशेदपुर लौटते वक्त चाईबासा-सरायकेला मार्ग पर हुई। बताया गया है कि रात करीब 12 बजे जब वे सोनारी लौट रहे थे, तभी सरायकेला से लगभग चार किलोमीटर पहले एक भारी वाहन अचानक उनकी कार के सामने आ गया। उससे बचने के प्रयास में कार चला रहे उनके भतीजे ने गाड़ी को सड़क किनारे उतारा, जिससे गाड़ी खेत की ओर गड्ढों में हिचकोले खाते हुए काफी दूर जाकर रुकी। हादसे में शैलेंद्र महतो कार की सीटों के बीच में फंस गए, जबकि आभा महतो ने खुद को किसी तरह सुरक्षित निकाला। उनके भतीजे और अंगरक्षक को भी हल्की चोटें आई हैं। सभी घायलों को सरायकेला से एंबुलेंस के जरिए टीएमएच लाया गया। मंगलवार तड़के तीन बजे प्राथमिक उपचार के बाद आभा महतो, उनके भतीजे और अंगरक्षक को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। लेकिन शैलेंद्र महतो को कुछ जरूरी जांचों के लिए अस्पताल में भर्ती रखा गया है। शैलेंद्र महतो ने बताया कि वे अपने भतीजे के रिसेप्शन में शामिल होने चक्रधरपुर स्थित पैतृक गांव गए थे।

टीएमएच में इलाजरत शैलेंद्र महतो

धतकीडीह में पत्रकारों को जानकारी देते मुस्लिम संगठन के प्रतिनिधि

वक्फ कानून के खिलाफ 1 मई को होगी विरोध सभा

JAMSHEDPUR : केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए नए वक्फ कानून के विरोध में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने देश भर में आंदोलन की शुरूआत कर दी है। इसी कड़ी में 1 मई को मानगो के गांधी मैदान में एक बड़ी विरोध सभा होगी। इसमें झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी, तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी और सांसद इमरान मसूद समेत कई प्रमुख हस्तियां शामिल होंगी। बुधवार को धतकीडीह स्थित होटल एशियन इन में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान मुफ्ती निशात अहमद, तौहीदुल हसन, शाहिद अख्तर, मौलाना मजिउल्लाह हबीबी, मुफ्ती सलाउद्दीन आदि मौजूद रहे। प्रेस कांफ्रेंस में पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की गई और इस आतंकी घटना में मृतकों के लिए दो मिनट का मौन भी रखा गया। तहफ्फुज ए कॉन्फ्रेंस के संयोजक डॉ. रियाज शरीफ ने इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि इस्लाम कभी बेकसूरों की हत्या की इजाजत नहीं देता। यह बड़ा गुनाह है। उन्होंने कहा कि पर्यटकों को मारना कायरता है।

सरकारी स्कूलों के बच्चे करेंगे कंपनियों का एक्सपोजर विजिट, 25 स्कूलों से 30-30 बच्चों का होगा चयन

● पूर्वी सिंहभूम जिले में इससे पहले 15 स्कूलों के छात्र किए गए थे शामिल

PHOTON NEWS JSR: उपायुक्त अनन्य मित्तल द्वारा सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों को शहर की निजी कंपनियों एवं संस्थाओं में एक्सपोजर विजिट कराने के दूसरे चरण को लेकर कंपनी व संस्थाओं के प्रतिनिधि के साथ बुधवार को बैठक की गई। समाहरणालय सभागार में हुई बैठक में उपविकास आयुक्त अनिकेत सचान भी मौजूद थे। प्रोजेक्ट अन्वेषण-2.0 में इस बार जिले के 25 स्कूलों के 9-12वीं कक्षा तक के 30-30 बच्चे शामिल किए जाएंगे। बच्चों का विभिन्न कंपनियों एवं संस्थाओं का शैक्षणिक भ्रमण 8 मई को प्रस्तावित है। गर्मी के मौसम को देखते हुए एक्सपोजर विजिट की व्यापक रूपरेखा पर चर्चा की गई, जिसमें बच्चों के समय पर आवागमन, भोजन आदि की व्यवस्था तथा अन्य बिंदुओं को लेकर दिशा-निर्देश दिए गए। प्रोजेक्ट अन्वेषण के पहले फेज में 15 स्कूलों के 11वीं कक्षा के शामिल किए गए थे।

बच्चों के एक्सपोजर विजिट को लेकर जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, शूटिंग रेंज, टाटा मोटर्स, सीएसआईआर-एनएमएल, रूसी मोदी सेंटर फॉर एक्सीलेंस, एनटीटीएफ, टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज, जेएन टाटा वोकेशनल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, आईडीटीआर- कमिंस, जूलोजिकल पार्क को चिह्नित किया गया है।

समाहरणालय सभागार में बैठक करते उपायुक्त अनन्य मित्तल

इन स्कूलों के बच्चे करेंगे शैक्षणिक भ्रमण

जिन 25 स्कूलों के बच्चे दूसरे फेज में एक्सपोजर विजिट के लिए आएंगे, उनमें बहरागोड़ा प्रखंड से खंडामौदा प्लस टू हाई स्कूल, पारूलिया हाई स्कूल, मानुषमुड़िया प्लस टू स्कूल, एलबीएस प्लस टू स्कूल, केशरदा प्लस टू स्कूल, बोड़ाम प्रखंड से अपग्रेडेड हाई स्कूल रसिकनगर, चाकुलिया प्रखंड से अपग्रेडेड हाई स्कूल केरूकोचा, एम ए वी प्लस टू हाई स्कूल मटियाबांधी, धालभूमगढ़ प्रखंड से कोकपाड़ा हाई स्कूल, घाटशिला प्रखंड से टीएमएम प्लस टू हाई स्कूल काड़ाडूबा, महुलिया हाई स्कूल, गुड़ाबांदा प्रखंड से अपग्रेडेड हाई स्कूल गुड़ाबांदा, जमशेदपुर से टाटा वर्कर्स यूनियन हाई स्कूल कदमा, मुसाबनी प्रखंड से अपग्रेडेड हाई स्कूल चापरी, पटमदा प्रखंड से अपग्रेडेड हाई स्कूल जोड़सा, पोटका प्रखंड से प्लस टू हाई स्कूल मानपुर, हाईस्कूल भालकी, प्लस टू हाई स्कूल जादूगोड़ा, प्रोजेक्ट गर्ल्स प्लवस टू स्कूल पोटका, अपग्रेडेड प्लस टू स्कूल चाकरी, अपग्रेडेड हाई स्कूल हेंसड़ा, हाई स्कूल तिरिलडीह, अपग्रेडेड प्लस टू स्कूल सांग्राम शामिल हैं।

को-ऑपरेटिव कॉलेज में याद किए गए शेक्सपीयर

कार्यक्रम को संबोधित करते प्राचार्य डॉ. अमर सिंह ● फोटोन न्यूज

JAMSHEDPUR : सीएच एरिया स्थित जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज में बुधवार को अंग्रेजी एवं हिंदी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पुस्तक दिवस एवं शेक्सपीयर जयंती पर कार्यक्रम किया गया। इसकी अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अमर सिंह ने की। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने पुस्तक पठन की अनिवार्यता पर बात करते हुए विद्यार्थियों को किताबें पढ़ने के लिए प्रेरित किया एवं शेक्सपीयर के नाटकों की प्रशंसा करते हुए उन्हें अद्वितीय बताया। आईक्यूएसी को-ऑर्डिनेटर डॉ. नीता सिन्हा ने पुस्तक पठन-पाठन के लिए वातावरण तैयार करने पर बल दिया। अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. अंतरा कुमारी ने शेक्सपियर के नाटकों पर अपना विचार साझा किया। वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार रवानी ने अपना निजी अनुभव साझा करते हुए किताबों की महत्ता को रेखांकित किया। हिंदी विभाग की डॉ. प्रियंका सिंह ने सफदर हाशमी की कविता 'किताबें' का पाठ करते हुए समाज निर्माण में किताबों की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन अंग्रेजी विभाग की डॉ. रुचिका तिवारी व धन्यवाद ज्ञापन हिंदी विभाग की सबिता पॉल ने किया।

दीपावली में लिया गया था सैंपल, जांच के दौरान मिलावट की पुष्टि होने पर हुई कार्रवाई

श्रेष्ठ, गणगौर व श्रीभोग मिठाई दुकानों पर जुर्माना

PHOTON NEWS JSR : जमशेदपुर में दीपावली के दौरान बेची गई मिलावटी मिठाइयों के मामले में जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। शहर की तीन मिठाई दुकानों पर खाद्य सुरक्षा मानकों के उल्लंघन के कारण जुमार्ना लगाया गया है। इनमें से एक दुकान पर 20 हजार रुपये और दो पर 40-40 हजार रुपये का जुमार्ना किया गया है।

मिलावटी मिठाई बेचने वालों में मानगो के आजाद नगर स्थित न्यू गणगौर स्वीट्स पर 20 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। इसके अलावा, साकची के शीतला मंदिर के पास टैंक रोड स्थित श्रेष्ठ फूड प्रोडक्ट और बिरसानगर जोन नंबर 18 स्थित श्री भोग मिठाई दुकान, जो मनोज अग्रवाल के स्वामित्व में है, उस पर 40-40 हजार रुपये का जुमार्ना ठोका गया है। यहां से लिए गए बिरसानगर में सोन पापड़ी और काजू बर्फी और श्रेष्ठ से काजू बर्फी व पतीसा (सोनपापड़ी) के सैंपल में मिलावट पाई गई थी।

यह कार्रवाई अपर उपायुक्त द्वारा की गई है, जो फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स एक्ट 2006 के तहत न्याय निर्णायक अधिकारी के रूप में अधिकृत हैं। दीपावली के समय खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने विभिन्न मिठाई दुकानों से सैंपल एकत्र किए थे, जिन्हें रांची के नामकुम स्थित प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा गया था। रिपोर्ट में मिलावट की पुष्टि होने पर यह सख्त कदम उठाया गया।

पहले भी पकड़ी गई थी मिठाइयों में मिलावट

जमशेदपुर में पहले भी मिठाइयों में मिलावट पकड़ी गई थी। खासकर दीपावली के समय खाद्य विभाग जोर-शोर से यह अभियान चलाता है। इसमें लगभग हर क्षेत्र में मिठाई दुकानों से नमूने लिए जाते रहे हैं। कई बार तो जांच की रिपोर्ट ही नहीं आती थी। इस बार भी यह सवाल उठ रहे हैं कि मिठाइयों की जांच रिपोर्ट इतने दिनों बाद क्यों आई है। क्या इनकी अब तक जांच ही नहीं हुई थी या रिपोर्ट आने में इतनी देरी हुई है। अक्टूबर-नवंबर में लिए गए खाद्य पदार्थों के नमूने क्या इतने दिन तक सुरक्षित रह सकते हैं, यह भी अहम सवाल है। यही नहीं, जांच में किस तरह की मिलावट सामने आई, यह भी सार्वजनिक होना चाहिए। बहरहाल, यह अच्छी बात है कि मिठाई जांच की रिपोर्ट आई और जुमार्ना भी लगाया गया है। प्रशासन को ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए कि नमूनों की जांच ऑन द स्पॉट हो जाए।

रेलवे ने अतिक्रमित जमीन पर बने 18 मकानों को किया ध्वस्त

JAMSHEDPUR : टाटानगर रेलवे स्टेशन के री-डेवलेपमेंट कार्य के तहत जमीन की आवश्यकता को देखते हुए रेलवे इंजीनियरिंग विभाग ने बुधवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इसमें कीताडीह स्थित इमामबाड़ा के पास गाड़ीवान पट्टी के पास रेलवे की जमीन पर बने 18 कच्चे -पक्के मकान ध्वस्त किए गए। पूर्व में यहां रह रहे लोगों को रेलवे ने नोटिस देकर घर खाली करने को कहा था। इसके बाद बुधवार को रेलवे इंजीनियरिंग विभाग के एडीईएन- आरके वर्मा व आईओडब्लू उपेंद्र सिंह के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। सुबह 10 बजे जेसीबी लेकर टीम मौके पर पहुंची और 3 घंटे में 18 मकानों को ध्वस्त कर दिया। जेसीबी पहुंचने के साथ ही लोगों ने अपने घरों से जरूरी सामान बाहर निकाल लिए थे। यहां रहने वाले लोगों का कहना था कि 40 वर्ष से वे यहां छोटा मकान बनाकर रह रहे थे। रेलवे ने उनका आशियाना तोड़ दिया है। अब वे बेघर हो गए हैं। मकानों को ध्वस्त होते देख लोगों की आंखों में आंसू तक आ गए थे। लोग अपना आशियाना टूटते देखकर काफी निराश थे। इसके साथ ही इंजीनियरिंग विभाग ने खासमहल जगन्नाथ मंदिर के अंदर के हिस्से में बनी दो झोपड़ी को भी ध्वस्त किया।

घरों को तोड़ता बुलडोजर

BRIEF NEWS

मनाया गया वीर कुंवर सिंह का विजय दिवस

BHAGALPUR : गणपत राय सलारपुरिया सरस्वती विद्या मंदिर सैनिक स्कूल भागलपुर में बुधवार को महान स्वतंत्रता सेनानी एवं भारत के सपूत वीर कुंवर सिंह की विजय दिवस मनाया गया। विद्यालय के प्रभारी डॉ संजीव कुमार झा, जयंती प्रमुख उत्तम कुमार मिश्रा तथा छात्रों के द्वारा संयुक्त रूप से वीर कुंवर सिंह के चित्र पर पुष्पार्चन कर जयंती का शुभारंभ किया गया। मौके पर उत्तम कुमार मिश्रा ने कहा कि 80 वर्ष के उम्र में जब लोग वानप्रस्थ में चले जाते हैं, तो उस उम्र में बाबू वीर कुंवर सिंह ने देश की आजादी के लिए अपना सब कुछ अर्पित कर दिया। जिसके मन में राष्ट्रभक्ति की भावना और जुनून होता है उनके लिए उम्र कोई मायने नहीं रखता है। डॉक्टर संजीव कुमार झा ने कहा कि छात्रों में राष्ट्र भक्ति, समर्पण, त्याग आदि सद्गुणों का विकास हेतु जयंती मनाया जाता है।

अधिकारियों ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2025 को लेकर की बैठक

PATNA : डॉ. बी राजेंद्र अपर मुख्य सचिव, खेल विभाग की अध्यक्षता में आज खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2025 के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन नालंदा द्वारा की जा रही तैयारीयों से संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। आगामी 04 से 15 मई तक बिहार राज्य के पांच जिलों, पटना, राजगीर (नालंदा), भागलपुर ,गया एवं बेगूसराय में खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2025 का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अतर्गत, तलवारबाजी, हॉकी, भारोत्तोलन, मुक्केबाजी और कबड्डी खेल का आयोजन नालंदा जिला में प्रस्तावित है। खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के सफल आयोजन के लिए खिलाड़ियों के लिए आवासन, भोजन, सुरक्षा, विधि व्यवस्था, खेल मैदान की व्यवस्था, पेयजल, साफ सफाई, ट्रांसपोर्टेशन, शौचालय आदि व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

एक देसी कट्टा व दो कारतूस के साथ अपराधी गिरफ्तार

BHAGALPUR : जिले के बबरगंज थाना अंतर्गत गुप्त सूचना के आधार पर एक युवक को एक देसी कट्टा एवं दो कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। उक्त आशय की जानकारी डीएसपी टू राकेश कुमार चौधरी ने बुधवार को दी। डीएसपी ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार अवैध शराब, आर्म्स, मादक पदार्थ आदि की बरामदगी के लिए सघन गश्ती एवं चोरी, छिनतई के हॉट-स्पॉट पर छापेमारी की जा रही है। इसी क्रम में बीते 22 अप्रैल को बबरगंज थाना के दिवा गश्ती दल द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर सकरुल्लाचक कुंआ के पास से एक युवक की तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में युवक के पास से 01 देसी कट्टा एवं 02 जिंदा कारतूस बरामद किया तथा उक्त व्यक्ति को विधिवत गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार व्यक्ति शुभम सोनार उर्फ छेदी पूर्व में हत्या के 02 कांड में आरोपित है।

'सूर्य किरण' एरोबेटिक टीम ने आसमान में दिखाए हैरतअंगेज करतब



- टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए लोगों को कर दिया रोमांचित
- सेना के पैराजंपर्स ने आसमान से जमीन पर लगाई छलांग

● एयर शो देखते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

AGENCY PATNA : पटना शहर स्थित सभ्यता द्वार का नजारा बुधवार को उत्साहवर्द्धक रहा। यहां 1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह के विजय दिवस पर भारतीय वायु सेना की 'सूर्य किरण' एरोबेटिक टीमने दमदार प्रदर्शन करते हुए लोगों को रोमांचित कर दिया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह के विजय दिवस पर भारतीय वायु सेना की 'सूर्य किरण' एरोबेटिक टीम के प्रदर्शन कार्यक्रम में शामिल हुए। सभ्यता द्वार के सामने जेपी गंगा पथ पर बने कार्यक्रम स्थल से मुख्यमंत्री ने भारतीय वायु सेना की 'सूर्य किरण' एरोबेटिक टीम के अलग-अलग प्रदर्शन को देखकर हैरत में रह गये। अपने प्रदर्शन के दौरान एयरफोर्स के 9 लड़ाकू विमानों ने हजार फीट की ऊंचाई पर हैरतअंगेज करतब दिखाया। भारतीय वायु सेना की सूर्यकिरण एरोबेटिक्स टीम ने आसमान में अद्भुत करतब दिखाया, जिसे देखकर दर्शक अचंभित हो गये और उत्साहवर्द्धक नजर आये। सेना के पैराजंपर्स ने आसमान से जमीन पर छलांग लगाई, जिसे देख वहां मौजूद लोगों और बच्चों ने सेना का जोश बढ़ाया। 9 लड़ाकू विमानों बिहटा एयरपोर्ट से उड़ान भरी और फिर आसमान में हैरतअंगेज करतब दिखाए,जिसमें जेट विमान भी शामिल थे। फाइटर प्लेन की गूंज से बिहटा सहित दानापुर, बेली रोड से लेकर फ्रेजर रोड एवं गांधी मैदान का पूरा इलाका सहम गया। आसमान में एक कतार में लड़ाकू विमान उड़ते दिखे।

धनबाद के कुछ लोगों को बंधक बनाए जाने की सूचना पर पहुंची थी पुलिस

पुलिस टीम पर हमला मामले में 7 महिला समेत 32 गिरफ्तार

नवादा जिले के कौआकोल पुलिस की हिरासत में 7 महिलाएं समेत 32 उपद्रवी

AGENCY NAVADA : नवादा जिले के कौआकोल के टिकोडीह गांव में बंधक बनाए गए युवकों को छुड़ाने पहुंची पुलिस टीम पर हमले के मामले में बुधवार को 7 महिला सहित 32 उपद्रवियों को गिरफ्तार कर लिया गया। नवादा जिले के कौआकोल में मंगलवार की देर शाम कौआकोल थाना क्षेत्र के नक्सल प्रभावित टिकोडीह गांव में ग्रामीणों द्वारा कथित रुप से धनबाद के कुछ लोगों को बंधक बनाए जाने की सूचना पर पहुंची कौआकोल पुलिस पर ग्रामीणों द्वारा हमला कर हवलदार अरुण कुमार रावत समेत अन्य पुलिसकर्मियों के घायल कर दिए जाने की घटना के बाद पुलिस एक्शन में आ गई है।

नवादा एसपी के निर्देश पर पकरीबरावां एसडीपीओ महेश चौधरी के नेतृत्व में पकरीबरावां पुलिस इंस्पेक्टर प्रशांत कुमार एवं कौआकोल थानाध्यक्ष दीपक कुमार समेत जिले के विभिन्न थानों की टीम के पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए टिकोडीह गांव में छापेमारी कर घटना में शामिल 7 महिला समेत 32 उपद्रवियों को गिरफ्तार कर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

थानाध्यक्ष सह पुलिस इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने बताया कि घटना को लेकर कौआकोल थाना में पदस्थापित एएसआई धनन्जय कुमार के लिखित बयान के आधार पर कौआकोल थाना प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिसिया कार्रवाई के बाद गांव में सन्नाटा छा गया है।

बता दें कि मंगलवार की देर शाम लगभग साढ़े 9 बजे वैवाहिक समारोह में उत्पन्न हुए विवाद को सुलझाने गई पुलिस टीम पर अचानक ग्रामीणों द्वारा हमला कर दिया गया। बरती एवं शराती के बीच विवाद हो गया। टिकोडीह गांव में तैयब मियां के घर वालीमा था, जिसमें दुल्हन पक्ष के नेमतुल धमनी से कुछ लोग भी आए हुए थें, जिनके साथ तैयब के घर में पहले से मौजूद रहे धनबाद से आए रिश्तेदारों ने मारपीट कर दिया, जिसके बाद टिकोडीह गांव के ग्रामीण आक्रोशित हो गए एवं उन्हें कथित रूप से बंधक बना लिया। जिसकी सूचना 112 आपातकालीन पुलिस टीम को दी गई। इसके बाद कौआकोल थाना की भी पुलिस टीम पहुंची, जहां अचानक ग्रामीणों ने पुलिस टीम पर ही हमला कर दिया। जिसमें हवलदार अरुण कुमार रावत समेत अन्य पुलिसकर्मी घायल हो गए। बुरी तरह घायल हवलदार अरुण कुमार रावत को बेहतर ईलाज के लिए विम्स पावापुरी रेफर कर दिया गया।

पहलगाम में आतंकी हमले के बाद बिहार पुलिस अलर्ट, पर्यटन स्थलों की सुरक्षा की गई कड़ी

AGENCY PATNA : जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद बिहार पुलिस अलर्ट हो गयी है और आतंकी हमले को देखते हुए बिहार के पर्यटन स्थलों की सुरक्षा कड़ी कर गई है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद बिहार पुलिस ने तत्काल अहम बैठक की और सुरक्षा के लिए कई अहम निर्णय लिये,जिसे फॉलो कराया जा रहा है। बिहार के वनों से लेकर नालंदा खंडहर, राजगीर, पावापुरी समेत जिले के अन्य टूरिस्ट प्लेस के चप्पे- चप्पे पर नजर रखने के लिए कई उच्चस्तरीय टीमों का गठन किया गया है। राजगीर डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि राजगीर, नालंदा, पावापुरी समेत जिले का कोई भी पर्यटक स्थल पर आतंकी हमला का कभी इतिहास नहीं रहा है। बावजूद, उनकी संवेदनशीलता को किसी भी सूरत में हल्के में लेने की भूल नहीं की जा सकती है। ऐसे में सभी स्थलों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। राजगीर के रोपवे, जू-सफारी, नेचर-सफारी के साथ ही वनों और पहाड़ों पर स्थित तीर्थस्थलों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पर्यटन स्थलों पर पुलिस की गश्ती भी तेज कर दी गई है। राजगीर की पंच पहाड़ियों के साथ ही विश्व शांति स्थल, अशोक स्तूप, वेणुवन, बौद्धिस्टों का मक्का-मदीना माना जानेवाला वल्चर पीक के हर स्थल पर पैनी नजर रखी जा रही है।

रेलवे ट्रैक के किनारे मिला महिला का शव

BHAGALPUR : कटिहार बरौनी रेल खंड के बीच नारायणपुर रेलवे स्टेशन के पश्चिमी केबिन के लखना मोड़ के समीप रेलवे ट्रैक के किनारे बुधवार को एक महिला का शव बरामद किया गया है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची नारायणपुर रेल पुलिस ने आशंका जताया है कि यह महिला ट्रेन पर से गिरी होगी, जिसके चलते उसकी मौत हो गई। पुलिस की मानें तो अभी तक महिला की शिनाख्त नहीं हो पाई है। जीआरपी ने घटनास्थल का मुआयना कर स्थानीय लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है।

आतंकियों को उनकी ही भाषा में प्रधानमंत्री देंगे जवाब : अश्विनी चौबे

AGENCY BHAGALPUR : वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने बुधवार को भागलपुर के परिसदन में कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में रविवार देर शाम एक कायराना आतंकी हमला हुआ। इस हमले में कई निर्दोष पर्यटक की मौत हुई और कई महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। घटना के बाद पूरे देश में आक्रोश है। हम इस हमले की कड़ी निंदा करते हैं। उन्होंने कहा है कि यह केवल पर्यटकों पर नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति, हमारी आस्था और हमारी परंपरा पर सीधा हमला है। आतंकियों का मकसद केवल हिंसा नहीं, भारत की आत्मा को चोट पहुँचाना है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी आतंकियों को उनकी ही भाषा में जवाब देंगे। यह हमारा परम धर्म है कि हम सनातन की रक्षा करें। अश्विनी चौबे ने देशवासियों से एकजुट होकर सरकार और सुरक्षाबलों का साथ देने की अपील की है।

यूपीएससी में सफल रवि राज से प्रेरणा लें नवादा के सभी विद्यार्थी : डीएम

AGENCY NAVADA : डीएम रवि प्रकाश ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा में 182 रैंक लाकर सफलता प्राप्त करने वाले जिले के प्रतिभावान छात्र रवि राज से मुलाकात की। उन्हें सम्मानित कर जिले के युवाओं का प्रेरणा स्त्रोत बताया ।

सबसे बड़ी बात तो यह है कि 40 प्रतिशत तक दृष्टि बाधित रहने के बावजूद भी रवि राज ने अथक परिश्रम कर यूपीएससी की परीक्षा पास कर ली ।इस अवसर पर उन्होंने रवि को मोमेंटो, मिठाई एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं की।

जिलाधिकारी ने रवि राज की कड़ी मेहनत, समर्पण एवं सफलता की प्रशंसा की और कहा कि यह उपलब्धि केवल छात्र की नहीं, बल्कि पूरे नवादा जिले के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रेरणादायक युवाओं को प्रोत्साहन देना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है, जिससे अन्य छात्र भी उत्साहित होकर कठिन परीक्षाओं की तैयारी में जुट सकें। उन्होंने यह भी कहा कि यूपीएससी जैसी कठिन परीक्षा में सफलता हासिल करना एक बड़ी उपलब्धि है। रवि राज की यह सफलता निश्चित रूप से जिले के युवाओं के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होगी।

रवि राज ने बताया कि उन्होंने अपनी प्रारंभिक पढ़ाई नवादा स्थित दयाल पब्लिक स्कूल से की तथा स्नातक की पढ़ाई सीताराम साहू कॉलेज, नवादा से पूरी की।

पांच साल पहले पत्नी की हत्या के जुर्म में पति को कोर्ट ने सुनाई आजीवन कारावास की सजा

AGENCY ARARIA : अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चतुर्थ रवि कुमार की अदालत ने बुधवार को पत्नी के हत्यारे पति को आजीवन सश्रम कारावास और 50 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है। दहेज हत्या के अपराध में पांच साल पहले घटित घटना में कोर्ट ने यह फैसला सुनाया। मामला सत्र वाद संख्या 200/2022, जो पलासी थाना प्राथमिकी कांड संख्या 107/2019 से सर्बधित है।सजा पाने वाला दोषी पलासी थाना क्षेत्र के भट्टाबाड़ी वार्ड संख्या दो निवासी 25 वर्षीय मिथुन मंडल उर्फ शिव कुमार पिता उदरानंद मंडल है। मृतक मधु देवी की मां गीता देवी ने पलासी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। दहेज हत्या की धारा 304 (बी) भादवि में केस दर्ज की गई थी।दर्ज कराई गई प्राथमिकी में शिकायतकर्ता गीता देवी ने बताया था कि दोषी का प्रेम विवाह मृतका मधु देवी के साथ सम्पन्न हुआ था। अपने परिवार वालों के साथ मृतका मधु देवी से विवाह के दो साल के बाद पचास हजार रुपये दहेज की मांग किया गया था और मांग की पूर्ति नहीं होने पर उसके साथ मारपीट की जाती थी। मृतका को एक बच्चा भी है। 11 अप्रैल 2019 को ससुराल वालों द्वारा दहेज के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित और जहर खिलाकर हत्या कर दिया गया।पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी उच्च जहरीला पदार्थ एल्मुनियम फॉस्फाइड वेसरा रिपोर्ट में पाया गया। उक्त घटना को लेकर सुचिका ने दोषी मिथुन मंडल के अलावा उसके पिता उदरानंद मंडल, सास सुरजी देवी, पुत्री सीता देवी, प्रमिला देवी, शर्मिला देवी, लालटू देवी, निरसो देवी के विरुद्ध प्राथिमिकी दर्ज कराई थी, जिसका पूरक अनुसंधान लंबित है।

पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए तीन भाइयों में सबसे बड़े थे मनीष रंजन

आईबी में डीएसपी रैंक के थे अधिकारी

AGENCY DEHRI-ON-SONE : जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आर्तकियों द्वारा पर्यटकों को मारी गई गोली में बलिदान हुए आइबी के डीएसपी रैंक के अधिकारी मनीष रंजन रोहतास के करगहर थाना क्षेत्र के अरुही गांव के निवासी थे। सासाराम शहर के गोरक्षणी में भी उनका घर है।

सासाराम में रह रहे उनके चाचा आलोक मिश्र ने बताया कि तीन दिन पहले मनीष हैदराबाद से वैष्णोदेवी गए थे। उन्होंने बताया कि मनीष के पिता डॉ मंगलेश मिश्र पश्चिम बंगाल के पुरुलिया के झालदा में कार्यरत हैं। पिता को भी 22 अप्रैल को वैष्णोदेवी जाना था। पत्नी आशा देवी के साथ वे ट्रेन से वैष्णोदेवी जा रहे थे कि रास्ते में आतंकी हमला में मारे जाने की सूचना मिली।

सूचना के बाद ट्रेन से उतरकर रांची लौट गए। बताया कि मनीष तीन भाईयों में सबसे बड़े थे। मनीष के मंझला भाई राहुल रंजन एफसीआइ एवं विनीत रंजन पश्चिम बंगाल में मद्य निषेध भाग में कार्यरत हैं। मां-पिता के साथ छोटे भाई विनीत रंजन रांची में मनीष रंजन के शव आने का इंतजार कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि मनीष की पहली पोस्टिंग दिल्ली फिर रांची और वर्तमान में हैदराबाद में पोस्टिंग थी। सभी परिवार खुशी से रह रहे थे कि आतंकवादियों ने पर्यटन टूर पर गए मनीष की हत्या कर दहशत फैला दिया। मनीष की हत्या के बाद से स्वजन सिर्फ रो रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने जताया शोक

PATNA : जम्मू-काश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकी हमले में बिहार के मनीष रंजन की मृत्यु हो गई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस घटना पर शोक जताते हुए कहा है कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में पर्यटकों की मौत की सूचना दु:खद है। यह घटना निंदनीय है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना है। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना है। आतंक के विरुद्ध पूरा देश एकजुट है। मनीष रंजन इंटेलिजेंस ब्यूरो यानी आईबी के अधिकारी थे और वर्तमान में हैदराबाद में तैनात थे। मनीष बिहार के रोहतास जिले के रहने वाले थे। जानकारी अनुसार मनीष पत्नी और दो बच्चों के साथ एलटीसी (लीव कंसेशन) के तहत कश्मीर घूमने आए थे। आतंकियों ने मनीष से नाम पूछने के बाद उनकी पत्नी के सामने ही उन्हें गोलियों से छलनी कर दिया। मनीष रांची में भी सेवाएं दे चुके थे। उनके पिता का नाम मंगलेश मिश्रा है। परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह को राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दी श्रद्धांजलि

हमें प्रेरणा देता रहेगा बाबू कुंवर सिंह का साहस : सीएम

वीर कुंवर सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

AGENCY PATNA : 1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह के विजय दिवस पर बुधवार को वीर कुंवर सिंह आजादी पार्क में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बाबू वीर कुंवर सिंह की आदमकद अश्वारोही प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि दी। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने सहकारी भूमि विकास बैंक समिति परिसर में भी महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर बिहार राज्य नागरिक परिषद के पूर्व महासचिव अरविन्द कुमार सिंह उर्फ छोट्टू सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को शॉल और मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। समारोह में वीर कुंवर सिंह के योगदान को नई पीढ़ी तक पहुँचाने के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बाबू वीर कुंवर सिंह के बलिदान और राष्ट्रभक्ति को याद करते हुए अपने संदेश में कहा कि '1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह के विजयोत्सव पर उन्हें सादर नमन। उनका अदम्य साहस, नेतृत्व और देशभक्ति की गाथा हम सबको हमेशा प्रेरणा देती रहेगी।'

समारोह में बिहार के दोनों उपमुख्यमंत्री, राज्य के मंत्रीगण एवं सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर पति ने की आत्मदाह की कोशिश

BHAGALPUR : जिले के अंबाबाग निवासी शैलेंद्र साह ने बुधवार को शहर के बीचों-बीच खुद पर पेट्रोल छिड़ककर आत्मदाह का प्रयास किया। वजह बनी उनकी पत्नी प्रियंका की धमकी। जिसने प्रेमी संग रहने के लिए उसे ब्लू ड्रम में मारकर फेंकने की साजिश रची थी। बताया जा रहा है कि शैलेंद्र साह की पत्नी प्रियंका सुल्तानगंज थाना क्षेत्र की रहने वाली है। प्रियंका का अपने मुंह बोले मामा के साथ प्रेम संबंध है और वह पति को छोड़कर उसी के साथ रहना चाहती है। पत्नी ने हाल ही में मेरठ की चर्चित ब्लू ड्रम हत्या कांड का वीडियो दिखाकर शैलेंद्र को धमकाया कि अगर उसने अलग होने से इनकार किया तो उसे भी मारकर ड्रम में फेंक दिया जाएगा।

राष्ट्र निर्माण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का अनमोल योगदान

देश व दुनिया में प्रसिद्ध राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय निर्माण की विचारधारा के दम पर अपनी विशेष पहचान रखता है। यह देश व दुनिया का एक ऐसा संगठन है, जो अपनी विशेष कार्यशैली के दमखम पर दुनिया में सनातन धर्म-संस्कृति के रक्षक तौर पर और एक बहुत बड़े सामाजिक संगठन के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है। संघ वर्ष 2025 में स्थापना का 100वां वर्ष धूमधाम से मना रहा है और वह दुनिया को यह संदेश दे रहा है कि संघ भारत का एक ऐसा संगठन है, जो अपनी स्थापना के दशकों बाद भी अपनी विचारधारा व उद्देश्यों से जरा भी नहीं भटका है, वह आज भी अपनी विचारधारा पर पूरी तरह से कायम है। मां भारती के सपूत स्वतंत्रता सेनानी डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार ने जंगे आजादी के दौर में विजयदशमी के पावन पर्व के दिन 27 सितंबर 1925 को महाराष्ट्र के नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना देश, संस्कृति व समाज हित के कार्यों को करने के उद्देश्य से की थी। इस संकल्प के चलते राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्थापना काल से लेकर के आज तक देश की सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय ढांचे को मजबूत करने में निरंतर लगा हुआ है। वैसे निष्पक्ष रूप से देखा जाए तो संघ के द्वारा किए गए कार्यों ने करोड़ों लोगों के जीवन को बेहतर बनाते हुए गुलामी की जंजीरों को तोड़ कर आजाद हुए भारत देश के निर्माण में पूरी निष्ठा व ईमानदारी से सकारात्मक योगदान देने का कार्य किया है। अपने शीर्ष नेतृत्व के सशक्त राष्ट्र, सभ्य समृद्धशाली समाज निर्माण के ओजस्वी विचारों के चलते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का राष्ट्र निर्माण व सनातन धर्म की रक्षा करने में अनमोल योगदान रहा है। जिस योगदान को हम लोग आज भी देश के विभिन्न क्षेत्रों में आसानी से देख सकते हैं, इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए संघ ने देश में सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न स्तरों पर दिन-रात एकजुट होकर काम किया है। हालांकि देश की आजादी के संघर्ष के दौर से लेकर आजाद भारत तक में भी चंद राजनेताओं के क्षणिक राजनैतिक स्वार्थों को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हमेशा से ऐसे लोगों के निशाने पर रहा है। ऐसी स्थिति के चलते ही राष्ट्र की आजादी व सशक्त राष्ट्र निर्माण की यात्रा में संघ के स्वयंसेवकों के अनमोल योगदान को दशकों तक सत्ता व सिस्टम में बैठे कुछ लोगों द्वारा अनदेखा किया गया। देश के चंद राजनेताओं ने धर्म विशेष के लोगों को खुश करने के लिए संघ को बदनाम करने का कार्य तक भी किया है। यह सब आज भी उनके अनुयायियों के द्वारा जारी है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बारे में कुछ राजनेताओं द्वारा पैदा की गई नकारात्मक स्थिति के बाद भी राष्ट्र व समाज हित के लिए अपना कार्य हमेशा निस्वार्थ भाव से करना जारी रखा और कभी भी संघ के इन स्वयंसेवकों ने इन कार्यों का श्रेय लेने तक का भी प्रयास नहीं किया। हालांकि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सामने राजनीतिक पूर्वाग्रह से ग्रस्त सरकारों के दौर में शासन व प्रशासन द्वारा बार-बार विकट स्थिति उत्पन्न करने के बावजूद संघ के स्वयंसेवकों ने कभी भी हिम्मत नहीं हारी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने स्थापना काल के दौर से ही राष्ट्र निर्माण, एकता और सांस्कृतिक जागरण के दीप को प्रज्वलित करते हुए समाज को संगठित करने और सांस्कृतिक गौरव बढ़ाने पर जोर दिया है। जंगें आजादी के दौर में संघ ने जहां लोगों को राष्ट्रभक्ति के भाव से ओतप्रोत करने का कार्य बखूबी किया था, वहीं आजाद भारत में संघ ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने के प्रयास करते हुए एकता और आत्मविश्वास को बढ़ाने का कार्य निरंतर किया। देश के दूरदराज इलाकों तक में भी अपनी 55000 शाखाओं व करोड़ों स्वयंसेवकों के माध्यम से पहुंच कर संघ ने देश के युवाओं के एक बहुत बड़े वर्ग को अनुशासन में रहना सिखाते हुए उनमें नेतृत्व और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का कार्य बखूबी कर रहे हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कुछ कार्यों की बानगी देखें तो जंगे आजादी के दौर में संघ ने स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में योगदान देते हुए समाज में राष्ट्रीय चेतना के भाव को जागृत करने का काम बखूबी किया था। संघ ने वर्ष 1947 में देश के विभाजन के दौरान पाकिस्तान से आए हुए विस्थापितों की बढ़-चढ़कर के सहायता करते हुए उन लोगों के जान-माल की सुरक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का कार्य किया। संघ के स्वयंसेवकों ने अपनी जान की परवाह ना करते हुए महामारी के दौर में लोगों की बढ़-चढ़कर के मदद की। संघ व उसके अन्य सहयोगी संगठनों ने समय-समय पर देश के विभिन्न हिस्सों में आई प्राकृतिक आपदाओं (भूकंप, बाढ़, अग्निकांड, चक्रवाती तूफान आदि), युद्ध और अन्य राष्ट्रीय संकटों के समय हमेशा राहत व बचाव के कार्यों में बढ़-चढ़कर के सक्रिय भूमिका निभाई। आज के व्यवसायिक दौर में भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े हुए विभिन्न संगठन जैसे विद्या भारती, सेवा भारती जैसे संगठन शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में कार्यरत हैं। विद्या भारती जैसे संघ के संगठनों ने भारतीय संस्कृति और मूल्यों पर आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने का कार्य पूरे देश में चला रखा है। देश में हजारों स्कूलों के माध्यम से लाखों छात्रों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा निरंतर प्रदान की जा रही है। शिक्षा के माध्यम से नैतिकता, देशभक्ति और सामाजिक समरसता जैसे मूल्यों को युवा पीढ़ी में स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है।

डिग्री नहीं, दक्षता चाहिए : नई अर्थव्यवस्था की नई जरूरतें

ANALYSIS

✍ डॉ. सत्यवान सौरभ

भारत आज दुनिया की सबसे बड़ी युवा जनसंख्या वाला देश है। यह जनसांख्यिकीय लाभांश एक वरदान बन सकता है, यदि हम इसे कुशलता, योग्यता और आधुनिक जरूरतों के मुताबिक तैयार करें, परंतु अफसोस कि हमारी उच्च शिक्षा प्रणाली आज एक गहरे संकट से जूझ रही है। विश्वविद्यालयों में जो पढ़ाया जा रहा है और उद्योगों को जो चाहिए, इन दोनों के बीच की खाई लगातार चौड़ी होती जा रही है। यह खाई केवल छात्रों की रोजगार क्षमता को ही नहीं, बल्कि भारत की आर्थिक प्रगति और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को भी गंभीर रूप से बाधित कर रही है। इंडिया स्किल्स रिपोर्ट- 2024 के अनुसार, भारत में केवल 45.9 प्रतिशत स्नातक ही रोजगार के योग्य पाए गए। इसका अर्थ यह है कि हर दो में से एक छात्र, जिसने उच्च शिक्षा प्राप्त की है, वह नौकरी के लायक कौशल से लैस नहीं है। तकनीकी संस्थानों की स्थिति भी निराशाजनक है। नैसकॉम की रिपोर्ट के अनुसार, केवल 25 प्रतिशत इंजीनियरिंग स्नातक ही आईटी सेक्टर में कार्य के लिए उपयुक्त पाए गए। यह स्थिति न केवल शिक्षा प्रणाली की विफलता है, बल्कि देश के करोड़ों युवाओं के सपनों के टूटने की त्रासदी भी है। इस समस्या की जड़ है, सैद्धांतिक और अकादमिक दृष्टिकोण वाली शिक्षा प्रणाली, जो व्यावहारिक दुनिया की जरूरतों से कटी हुई है।

वर्तमान में उच्च शिक्षा प्रणाली उद्योग की तेजी से बदलती आवश्यकताओं से मेल नहीं खाती, जिसके परिणामस्वरूप अधिकतर स्नातक रोजगार के लिए अयोग्य माने जाते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, केवल 45.9% स्नातक ही रोजगार योग्य हैं, जबकि तकनीकी क्षेत्र में भी यह आंकड़ा बहुत कम है। विश्वविद्यालयों को अपने पाठ्यक्रमों को नियमित रूप से उद्योग के विशेषज्ञों से समीक्षा कराना चाहिए, ताकि छात्रों को भविष्य की नौकरी के लिए तैयार किया जा सके। इसके अलावा, शिक्षा में मानवीय मूल्यों, सॉफ्ट स्किल्स और सामाजिक उत्तरदायित्व के पहलुओं को भी शामिल किया जाना चाहिए, जिससे छात्रों को न केवल पेशेवर, बल्कि सामाजिक दृष्टिकोण से भी तैयार किया जा सके। विश्वविद्यालयों और उद्योगों के बीच अधिक समन्वय से भारत को एक अधिक सक्षम, समावेशी और प्रतिस्पर्धी कार्यबल मिल सकता है, जो देश को 2047 तक एक विकासशील राष्ट्र बनने में मदद करेगा। भारत आज दुनिया की सबसे बड़ी युवा जनसंख्या वाला देश है। यह जनसांख्यिकीय लाभांश एक वरदान बन सकता है, यदि हम इसे कुशलता, योग्यता और आधुनिक जरूरतों के मुताबिक तैयार करें, परंतु अफसोस कि हमारी उच्च शिक्षा प्रणाली आज एक गहरे संकट से जूझ रही है। विश्वविद्यालयों में जो पढ़ाया जा रहा है और उद्योगों को जो चाहिए, इन दोनों के बीच की खाई लगातार चौड़ी होती जा रही है। यह खाई केवल छात्रों की रोजगार क्षमता को ही नहीं, बल्कि भारत की आर्थिक प्रगति और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को भी गंभीर रूप से बाधित कर रही है। इंडिया

स्किल्स रिपोर्ट- 2024 के अनुसार, भारत में केवल 45.9% स्नातक ही रोजगार के योग्य पाए गए। इसका अर्थ यह है कि हर दो में से एक छात्र, जिसने उच्च शिक्षा प्राप्त की है, वह नौकरी के लायक कौशल से लैस नहीं है। तकनीकी संस्थानों की स्थिति भी निराशाजनक है। नैसकॉम की रिपोर्ट के अनुसार, केवल 25% इंजीनियरिंग स्नातक ही आईटी सेक्टर में कार्य के लिए उपयुक्त पाए गए। यह स्थिति न केवल शिक्षा प्रणाली की विफलता है, बल्कि देश के करोड़ों युवाओं के सपनों के टूटने की त्रासदी भी है। इस समस्या की जड़ है, सैद्धांतिक और अकादमिक दृष्टिकोण वाली शिक्षा प्रणाली, जो व्यावहारिक दुनिया की जरूरतों से कटी हुई है। विश्वविद्यालयों का पाठ्यक्रम दशकों पुराना है, जो आज के डाटा संचालित, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रेरित, नवाचार प्रधान उद्योग की जरूरतों से मेल नहीं खाता। आज की नौकरियां पहले जैसी नहीं रहीं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, डाटा एनालिटिक्स, ब्लॉकचेन, साइबर सुरक्षा और ग्रीन टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्र तेजी से बढ़ रहे हैं। लेकिन, इन उभरते क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए पाठ्यक्रमों में जरूरी बदलाव नहीं हो पा रहा है। उदाहरणस्वरूप, आईआईटी हैदराबाद ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में बीटेक प्रोग्राम शुरू किया है, जो कि एक दूरदर्शी कदम है। लेकिन, अधिकतर विश्वविद्यालय अब भी पुरानी पाठ्य पुस्तकों और व्याख्यानों पर निर्भर हैं। यह स्थिति केवल तकनीकी पाठ्यक्रमों की नहीं है। वाणिज्य, मानविकी, समाजशास्त्र, मीडिया, कानून और अन्य विषयों में भी छात्रों को भविष्य की जरूरतों से लैस नहीं किया जा रहा है। परिणामस्वरूप वह न तो नौकरी के लिए तैयार होते हैं, न ही नवाचार या उद्यमिता की दिशा में सोच पाते हैं। इस संकट का समाधान केवल एकतरफा नहीं हो सकता। इसके लिए नीति, संस्थान और उद्योग, इन तीनों को एक साथ आगे आना होगा। हर 2-3 वर्षों में उद्योग विशेषज्ञों की मदद से पाठ्यक्रम का पुनरीक्षण किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि विषयवस्तु समय के साथ प्रासंगिक बनी रहे। शिक्षकों को उद्योगों में इंटर्नशिप या एक्सपोजर दिया जाए, ताकि वे छात्रों को वर्तमान परिदृश्य के अनुरूप शिक्षा दे सकें। सभी विश्वविद्यालयों को अपने पाठ्यक्रम में औद्योगिक इंटर्नशिप, लाइव प्रोजेक्ट्स और केस स्टडी आधारित मूल्यांकन शामिल करना चाहिए। तकनीकी और मानवीय विषयों का समावेश : केवल तकनीकी कौशल नहीं, बल्कि सॉफ्ट स्किल्स, संवाद क्षमता, टीमवर्क, सहानुभूति और नेतृत्व जैसे तत्वों का भी विकास किया जाना जरूरी है। कंपनियां विश्वविद्यालयों के साथ मिलकर रिसर्च लैब्स, इनोवेशन हब और स्टार्टअप इन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित करें, जैसा कि आईआईटी मद्रास का रिसर्च पार्क इसका उदाहरण है। भारत को यह समझना होगा कि अकेले तकनीकी शिक्षा से संपूर्ण विकास संभव नहीं। हमें वैश्विक मॉडलों से सीखना चाहिए। जर्मनी का ड्यूल एजुकेशन सिस्टम एक शानदार उदाहरण है, जहां सिद्धांत और व्यवहार का समन्वय छात्रों को उद्योग के लिए तैयार करता है। इसी प्रकार अमेरिका में सामुदायिक कॉलेजे और स्टार्टअप एक्सेलरेटर शिक्षा को उद्योग से जोड़ते हैं। सिंगापुर जैसे देश में हर तीन साल में कौशल समीक्षा होती है और शिक्षा उद्योग के सहयोग से चलती है। भारत को भी एक ऐसा ही डायनामिक करिकुलम फ्रेमवर्क अपनाने की जरूरत है। हालांकि इस दिशा में कदम उठाने के अपने खतरे भी हैं। यदि हम शिक्षा को केवल उद्योग की आवश्यकता तक सीमित कर दें तो हम भविष्य के नागरिक नहीं, केवल कर्मचारी तैयार करेंगे। यह एक खतरनाक प्रवृत्ति हो सकती है। अत्यधिक व्यावसायिकता छात्रों की रचनात्मकता और नैतिक सोच को कुंद कर सकती है। साहित्य, दर्शन, समाजशास्त्र जैसे विषयों को अगर गैर उपयोगी मानकर नजरअंदाज किया गया तो शिक्षा अपने मूल उद्देश्य से भटक जाएगी। लगातार पाठ्यक्रमों में बदलाव, तकनीकी उन्नयन और उद्योग सहभागिता विश्वविद्यालयों के लिए महंगा साबित हो सकता है, जिससे ग्रामीण और वंचित तबकों की पहुंच सीमित हो सकती है। भारत सरकार ने स्किल इंडिया, डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसी योजनाएं चलाई हैं। इन अभियानों की सफलता तभी संभव है, जब उच्च शिक्षा प्रणाली कुशल, समावेशी और उद्यमशील मानव संसाधन तैयार करें। यह तभी हो सकेगा जब विश्वविद्यालय शिक्षा को उद्योग की जरूरतों से जोड़ने की रणनीति राष्ट्रीय प्राथमिकता बने। यह सरेखण केवल तकनीकी प्रशिक्षण तक सीमित नहीं होना चाहिए। इसमें नैतिकता, सहानुभूति, संवाद और जिम्मेदारी जैसे मूल्यों को भी सम्मिलित करना होगा। तभी हम एक ऐसा भारत बना पाएंगे जो केवल आर्थिक रूप से समृद्ध नहीं, बल्कि बौद्धिक रूप से भी सक्षम, सामाजिक रूप से समावेशी और सांस्कृतिक रूप से सशक्त होगा।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

प्राइवेट स्कूल का शिक्षक और उसकी मूक पीड़ा

जब भी परीक्षाओं के रिजल्ट आते हैं तो अमूमन सरकारी स्कूलों के मुकाबले प्राइवेट स्कूलों के परिणाम बेहतर होते हैं। इसके पीछे इन स्कूलों के शिक्षकों की कड़ी मेहनत होती है। प्राइवेट स्कूलों में शिक्षकों से उम्मीदें तो आसमान छूती हैं, लेकिन उन्हें न तो उचित वेतन मिलता है, न सम्मान, न छुट्टी और न ही सुरक्षा। महिला शिक्षक दोहरी जिम्मेदारियां उठाती हैं, वहीं शिक्षक दिवस के दिन सिर्फ प्रतीकात्मक सम्मान मिलता है, जबकि सालभर उनका कथित तौर पर शोषण जारी रहता है। अभिभावक, स्कूल प्रबंधन और सरकार तीनों ही इस शोषण को नजरअंदाज करते हैं। शिक्षक के अधिकारों की कोई बात नहीं करता, न ही कोई नियामक संस्था है, जो उनके हितों की रक्षा करे। शिक्षकों को कानूनी संरक्षण, संगठित मंच और सामाजिक सम्मान मिलना चाहिए, ताकि शिक्षा प्रणाली सच में समावेशी और न्यायपूर्ण बन सके। यदि राष्ट्र को शिक्षित और सशक्त बनाना है, तो सबसे पहले शिक्षक को शोषण से मुक्त करना होगा, क्योंकि चॉक से लिखा हर अक्षर, देश का भविष्य गढ़ता है। एक समय था जब गुरु गोविंद दोऊ खड़े, काके लागूं पाय जैसे दोहे बच्चों की जुबान पर होते थे। आज हाल ये है कि अगर मास्टर मोबाइल पकड़ लें तो कहा जाता है कि इतनी फुर्सत है तो बच्चों को क्यों नहीं संभालते। जमाना बदल गया है, अब शिक्षक शब्द पवित्रता नहीं, सहनशीलता का प्रतीक बन गया है। इस सहनशीलता का सबसे क्रूर रूप दिखता है प्राइवेट स्कूल के शिक्षकों की दुनिया में। बाहर से देखिए तो प्राइवेट स्कूल किसी फाइव स्टार होटल से कम नहीं लगते। एसी क्लासरूम, हाईटेक बोर्ड, इंग्लिश बोलते बच्चे और व्हाइट ग्लव्स पहने बस अटेंडेंट्स। लेकिन, अंदर झांकिए, वहां एक मास्टर साहब बैठे हैं, जो न वक्त पर चाय पी सकते हैं, न लंच कर सकते हैं। जो बच्चा होमवर्क न करे, उसकी शिकायत आए तो मास्टर की क्लास लगती है। जो बच्चा एग्जाम में फेल हो जाए तो मैनेजमेंट पूछता है क्यों पढ़ाया नहीं ढंग से। प्राइवेट स्कूलों में सैलरी का सिस्टम इतना गोपनीय है कि सीक्रेट एजेंसियां भी शरमा जाएं। अपॉइंटमेंट लेटर पर 25,000 रुपये लिखा होता है, लेकिन बैंक में महज 8,000 रुपये ही ट्रांसफर होते हैं। बाकी कैश में मिलते हैं या कभी नहीं मिलते। मजे की बात देखिए कि टीचर जब सैलरी का हिसाब मांगता है, तो जवाब होता है, नौकरी चाहिए या नहीं। यदि शिक्षक महिला है तो फिर दिक्कतों की भरमार है। घर में बहू, मां और पत्नी। स्कूल में मैडम, टीचर और दीदी। महिला शिक्षकों को दोहरी जिम्मेदारी के साथ जीना पड़ता है। सुबह पांच बजे से घर संभालो, फिर स्कूल जाओ और वहां 40 बच्चों की जिम्मेदारी उठाओ। ऊपर से अगर पति भी प्राइवेट सेक्टर में हो तो महीने की सैलरी से पहले ही घर का बजट गिरवी रख देना पड़ता है। प्राइवेट शिक्षक की दुश्वारियां यहीं खत्म नहीं होतीं। सरकारी कैलेंडर कहता है कि 15 अगस्त और 26 जनवरी की छुट्टी हैं, लेकिन प्राइवेट स्कूल कहता है कि आओ, झंडा फहराओ, भाषण दो, फिर हाजिरी लगाओ और जाओ। छुट्टी के दिन भी हाजिरी की मजबूरी। अगर बीमार पड़ गए तो प्रबंधन कहेगा कि छुट्टी नहीं है, डिडक्शन लगेगा। शिक्षक का गला बैठ जाए, तब भी कहा जाता है कि क्लास तो लेनी ही होगी और कोई नहीं है। आज शिक्षक सिर्फ पढ़ाता ही नहीं है, बल्कि वह क्लास टीचर है, परीक्षा नियंत्रक है, अभिभावक संवाद अधिकारी है, व्हाट्सएप ग्रुप एडमिन है, स्पोर्ट्स डे का आयोजक है और हर हफ्ते सेल्फी वाले वीडियो का संपादक भी। लेकिन, जब सैलरी की बात आए तो कहा जाता है कि आप तो सिर्फ दो पीरियड पढ़ाते हैं। बच्चा अगर टॉप करे तो प्रिंसिपल प्रेस कॉन्फ्रेंस करता है कि हमारे स्कूल का वातावरण ही ऐसा है। यदि बच्चा फेल हो जाए तो मास्टर की जवाबदेही तय होती है। कहा जाता है कि आपने ठीक से पढ़ाया नहीं। जीत स्कूल की, हार शिक्षक की। फोटो बैनर पर प्रिंसिपल की, मेहनत मास्टर की। आजकल अभिभावक चाहते हैं कि शिक्षक तीन महीने में उनके बच्चे को आईएएस बना दे। अगर ऐसा न हो पाए तो कहते है कि हम तो सरकारी स्कूल में डाल देते तो भी क्या फर्क पड़ता। बच्चे की गलती भी अब मास्टर की जिम्मेदारी है। पैरेंट्स मीटिंग में सबसे ज्यादा डांट शिक्षक ही खाता है। पांच सितंबर को बच्चों से हैप्पी टीचर्स डे के फूल मिलते हैं। बच्चे गाना गाते हैं सर आप महान हैं और अगले ही दिन वही बच्चा होमवर्क न करने पर कहता है कि टीचर का क्या है, कुछ भी बोल देते हैं। साल भर की जिल्लत को एक दिन की इज्जत से ढकना, अब आदत बन गई है। नई शिक्षा नीति-2020 कहती है कि शिक्षक की स्थिति मजबूत होनी चाहिए। लेकिन जमीनी हकीकत ये है कि न कोई रेगुलेशन है, न कोई निगरानी। जिला शिक्षा अधिकारी सिर्फ सरकारी स्कूलों की जांच करते हैं, प्राइवेट स्कूलों को छूट मिली हुई है कि वह अपना नियम खुद बनाएं, खुद चलाएं। आज छात्र अधिकारों की बात करता है, जैसे मार नहीं खाना, होमवर्क कम मिलना, रिजल्ट अच्छा आना। लेकिन, शिक्षक के अधिकारों की बात कौन करे। क्या कोई आटीआई लगा सकता है कि मास्टर को उचित सैलरी मिल रही है या नहीं, क्योंकि शिक्षक अधिकारों की बात करना आज भी असहनीय माना जाता है। अब वक्त आ गया है कि शिक्षक चुप्पी तोड़े। सरकार को चाहिए कि एक रेगुलेटरी बॉडी बनाए, जो प्राइवेट स्कूलों की सैलरी, काम के घंटे, छुट्टियां और काम का बोझ तय करे। हर जिले में निजी शिक्षकों की यूनियन बने जो एक स्वर में बोले। अभिभावकों को भी समझना होगा कि शिक्षक सिर्फ एक वेतनभोगी कर्मचारी नहीं, बल्कि उनके बच्चे के भविष्य का निमार्ता है। देश को अगर आगे बढ़ना चाहते हो तो सबसे पहले उस हाथ को संभालना होगा जो ब्लैकबोर्ड पर चॉक से भविष्य रचता है। उस आवाज को सुनना होगा जो हर दिन गुड मॉर्निंग कहकर बच्चे को दिन की शुरूआत सिखाता है। शिक्षक की मुस्कान में देश की मुस्कान छिपी है, लेकिन उस मुस्कान के पीछे कितना दर्द है, ये जानने वाला कोई नहीं।

Social Media Corner

सच के हक में...

पहलगाम के आतंकी हमले में अपनों को खोने का दर्द हर भारतीय को है। इस दुःख को शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। मैं अपने इन सभी परिवारों और पूरे देश को विश्वास दिलाता हूँ कि बेगुनाह मासूम लोगों को मारने वाले इन आतंकियों को बिल्कुल बख्शा नहीं जाएगा।

(गृह मंत्री अमित शाह का 'एक्स' पर पोस्ट)

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए कायराना आतंकी हमले की सूचना से मन अत्यंत व्यथित है। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं एवं सभी घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना करता हूं। निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाना निंदनीय कृत्य है। आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। इस कायराना हमले को अंजाम देने वाले किसी भी आतंकी को बख्शा नहीं जाएगा।

(बाबूलाल मरांडी का 'एक्स' पर पोस्ट)

टकराव की राह पर विधायिका-न्यायपालिका

